Insight: High loss environment with late innovation requires proactive investment in technology adoption strategies.



Scenario A: High Deterioration, Slow Innovation

1. **Deterioration Rate** α=0.08
2. **Innovation Coefficient** p=0.01
3. **Replenishment Capacity** α=150

Outcome:

θ(t) grows slowly; αθ(t)s<<D+δI(t)

Inventory declines steadily; replenishment is delayed due to slow adoption. Inventory decreases rapidly due to insufficient replenishment and high loss.

· Final Inventory after 20 days: **H≈390 units**

Insight: High loss environment with late innovation requires proactive investment in technology adoption strategies. Therefore In high-loss environments, **late innovation adoption** results in inventory depletion. Organizations must **invest early in technology** to minimize shrinkage and maintain supply continuity.

Scenario B: Moderate Deterioration, Fast Innovation

1. **Deterioration Rate** α=0.05
2. **Innovation Coefficient** p=0.07
3. **Replenishment Capacity** α=180

Outcome:

1. θ(t) increases rapidly; αθ(t)≥D+δI(t)
2. Replenishment ramps up early, offsetting both demand and deterioration. Inventory stabilizes quickly; early innovation boosts replenishment.
3. Final Inventory after 20 days: **H≈795 units**

Insight: When innovation is adopted **quickly**, inventory

levels stabilize. Early adoption not only avoids losses but also creates **buffer capacity** for unexpected demand. Early adoption not only recovers losses but creates service-level buffers.

Scenario C: Low Deterioration, Moderate Innovation

1. **Deterioration Rate** δ=0.02
2. **Innovation Coefficient** p=0.03
3. **Replenishment Capacity** α=180

Outcome:θ(t) reaches moderate values; low ä keeps loss minimal Inventory grows steadily as replenishment exceeds loss. Inventory remains high throughout the cycle.

Final Inventory after 20 days: **H** $\approx$ **879 units**

Insight: In **low deterioration** environments, moderate innovation suffices. **Aggressive tech adoption** provides marginal returns and may be delayed in favor of cost-efficiency. In stable environments, aggressive innovation offers diminishing returns.

5.7 Summary of Key Insights from Sensitivity Analysis

i. Deterioration sensitivity is highest early in the inventory cycle.
ii. Innovation speed (p, q) significantly influences replenishment efficiency.
iii. Replenishment capacity (α) must be scalable with innovation readiness.
iv. Timing of adoption is often more critical than capacity itself.

7. Managerial Insights:

i. Early innovation adoption offsets the effect of high deterioration.
ii. Firms must align replenishment capabilities with their innovation maturity.
iii. Digital tools and internal knowledge-sharing accelerate imitation-based adoption.

Conclusion: This research proposes a dynamic inventory model where replenishment is tied to innovation diffusion. The model integrates deterioration and adaptive innovation, solved using differential equations. It is extended with modern techniques like machine learning, stochastic modeling, and digital twins. Numerical and sensitivity analysis reveals how parameter shifts impact inventory performance, offering a tool for more responsive inventory policy design.

This research proposes a dynamic inventory model that integrates innovation diffusion with deterioration using differential equations. The analytical solution reveals how adoption timing affects replenishment and inventory decay. Numerical analysis supports the idea that early, proactive innovation adoption offers measurable operational benefits. The model is extensible into stochastic, AI-driven, and feedback-based systems, aligning with future digital supply chain trends.

References:-

1. Bass, F. M. (1969). A new product growth for model consumer durables. *Management Science*, 15(5), 215–227.
2. Mahajan, V., Muller, E., & Bass, F. M. (1990). New product diffusion models in marketing: A review and directions for research. *Journal of Marketing*, 54(1), 1–26.
3. Rogers, E. M. (2003). *Diffusion of Innovations* (5th ed.). Free Press.
4. Jain, D., Mahajan, V., & Muller, E. (1995). An approach for determining optimal product sampling for the diffusion of a new product. *Journal of Product Innovation Management*, 12(2), 124–135.
5. Nahmias, S. (2009). *Production and Operations Analysis* (6th ed.). McGraw-Hill/Irwin.
6. Kalpakam, S., &Sapna, K. P. (2004). An inventory model for deteriorating items with stock-dependent demand and partial backlogging. *International Journal of Production Economics*, 86(2), 147–155.
7. Padmanabhan, D., &Vrat, P. (1995). EOQ models for perishable items under stock dependent selling rate. *European Journal of Operational Research*, 86(2), 281–292.
8. Wu, K. J., Tseng, M. L., & Chiu, A. S. (2020). Demand forecasting and replenishment model using artificial intelligence for sustainable inventory management. *Journal of Cleaner Production*, 242, 118451.
9. Ghosh, M. K., & Chaudhuri, K. S. (2006). An order-level inventory model for a deteriorating item with time-dependent quadratic demand. *Computers & Industrial Engineering*, 51(1), 351–362.
10. Kumar, S., & Rajput, R. K. (2023). Diffusion-based inventory modeling for technology-driven supply chains. *Operations Research Perspectives*, 10, 100235.
11. Singh, R. K., & Jain, V. (2024). AI-enabled supply chain optimization: Integrating innovation diffusion and predictive analytics. *International Journal of Production Research*, 62(4), 1189–1207.
12. Sharma, N., & Agarwal, A. (2025). Multi-echelon inventory optimization using innovation adoption behavior. *Computers & Operations Research*, 158, 106201.
13. Tanwar, A., &Alam, K. (2024). Hybrid models for inventory control integrating replenishment and innovation. *Journal of Manufacturing Systems*, 63, 479–492.
14. Zhang, Y., & Zhou, L. (2022). Forecasting innovation adoption using hybrid Bass-ARIMA model. *Technological Forecasting and Social Change*, 178, 121567.
15. Verma, M., & Pathak, P. (2024). Inventory strategies under diffusion dynamics in competitive markets. *International Journal of Production Economics*, 255, 108712.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

काव्यशास्त्रीय परंपरा में श्वेतांबर जैन आचार्य नमिसाधु-परिचय

डॉ. रागिनी श्रीवास्तव*

* असिस्टेंट प्रोफेसर (संस्कृत) शशि भूषण बालिका डिग्री कॉलेज, लखनऊ (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – 'साहित्य समाज का दर्पण है' यह उक्ति स्वंय में विशद अर्थ समेटे है।साहित्य ज्ञान विज्ञान का विषय है,एक नवीन सोच है, और समाज की झलक है। संस्कृति के वास्तविक स्वरूप को समझने के लिए, परंपरागत ज्ञान को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए साहित्य एक मजबूत स्तंभ है। साहित्य गंगा में सारे दर्शन समाहित होकर एक नवीन दृष्टि से साहित्य और समाज के हर पहलू का स्पर्श करते हैं। इसी क्रम में जैन दर्शन के आचार्यों ने भी हर पक्ष का स्पर्श किया है,चाहे वह धर्म हो,कला हो, संस्कृति हो, राजनीति हो,या साहित्य हो।

जैन धर्म अनेक संस्कृत आचार्यों से समृद्ध है, जैसे- स्वयंभू, पुष्पदंत, हेमचंद्र सूरि,शालिभद्र सूरि,आचार्य देवसेन,मुनिराम सिंह, विजयसेनसूरी, धनपाल, विनयचंद्र सूरि, सिद्धसेन, दिवाकर,महाकवि अभय, देव,अमरचंद्र सूरि,नयनचंद्र सूरी श्री आशाधर भट्ट, नमिसाधु आदि। जिन्होंने अपने ज्ञान चक्षुओं से साहित्य और उसके तत्वों का दर्शन किया और काव्यशास्त्र को नई दिशा प्रदान की। इस प्रकार एक सुदीर्घ परंपरा विद्यमान है जैन आचार्यों द्वारा साहित्य क्षेत्र में दिए गए बहुमूल्य योगदान की।

11वीं शताब्दी में जैन श्वेतांबर संप्रदाय के नमिसाधु प्रसिद्ध जैन आचार्य हैं। रुद्रट विरचित 'काव्यालंकार' पर नमिसाधु की टीका मूल पाठ के साथ प्रकाशित रूप में उपलब्ध है।काव्यालंकार के संपादकों श्री दुर्गा प्रसाद तथा श्री वासुदेव शर्मा महोदय ने ग्रंथ के प्रारंभ में नमिसाधु को श्वेतांबर जैन पंडित माना है।(काव्यालंकार रुद्रट भूमिका भाग डॉक्टर सत्यदेव चौधरी पृष्ठ 39)

नमिसाधु ने रूद्रट कृत काव्यालंकार के अंत में अपना अति संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया है-

'थारापद्रपुरीयगच्छ तिलक:
पाण्डित्यसीमाभवत्-
सूरिभूरिगुणैकमन्दिरमिह श्रीशालिभद्राभिध: ।
तत्पादाम्बुजषटपदेन नमिसा संक्षेपसंप्रेक्षिण:
पुंसो मुग्धधियोऽधिकृत्य रचितं सटिप्पणं लहवद:।'
(रुद्रट काव्य अलंकार नमिसाधु टीका पृष्ठ 430)

प्रस्तुत पद्य से ज्ञात होता है कि शालिभद्र थारापद्रपुरी के गच्छ (सम्प्रदाय) के तिलकस्वरूप, अनेक गुणों के आवास तथा पाण्डित्य की सीमा थे जिनके चरण कमलों के भ्रमर नमिसाधु ने संक्षेपप्रिय, मुग्धबुद्धि पुरुषों को लक्ष्य करके इस लघु टिप्पण की रचना की है।

नमिसाधु के विषय में उनके द्वारा उल्लिखित स्थान, आचार्यादि के विषय में भी विवेचन करना आवश्यक प्रतीत होता है।नमिसाधु ने थारापद्रपुरीयगच्छ का प्रयोग किया है जिसकी पृष्ठभूमि का विवेचन इस प्रकार है-यह प्राचीन जैन तीर्थ है जो वर्तमान में थराड़ है। इसका जैन ग्रन्थ तीर्थमाला चौत्यवंदन में इस प्रकार उल्लेख है-

'थारापद्रपुरे च वाविहपुरे कासद्रहे चेऽरे।'
(ऐति.स्थान पृष्ठ 420)

यह राधनपुर के पास है। इस नगरी के प्राचीन नाम थिरपुर, थिरादि, थरापद्र, थिरापद्र थे। यह गाँव थिरपाल धरु ने वि.सं. 1.1 में बसाया था। वि.की 7वीं सदी तक यहाँ थिरपाल धरु के वंशजों ने राज्य किया। बाद में नाडोल के चौहाण वंशजों ने राज्य किया। विक्रम की लगभग 9वीं सदी में थिरपद्रगच्छ की स्थापना हुई मानी जाती है।(तीर्थ दर्शन द्वितीय खंड)

प्राक् मध्ययुगीन तथा मध्यकालीन निर्ग्रन्थदर्शन के श्वेताम्बर आम्नाय के गच्छों में थारापद्रगच्छ का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। थारापद्र नामक स्थान से इस गच्छ का प्रादुर्भाव हुआ। थारापद्र गच्छ के 11वीं शताब्दी के प्रारम्भिक आचार्य पूर्णभद्रसूरि ने चन्द्रकुल के बटेश्वर क्षमाश्रमण को अपना पूर्वज बताया है, किन्तु इस गच्छ के प्रवर्तक कौन थे, यह गच्छ कब अस्तित्व में आया। इस विषय में कुछ नहीं कहा है। इस गच्छ में वादिवेताल शांतिसूरि शालिभद्र अपरनाम शीलभद्रसूरि (प्रथम) शांतिभद्रसूरि, पूर्वभद्र सूरि, शालिभद्र द्वितीय, नमिसाधु आदि कई प्रभावक और विद्वान आचार्य हुए हैं।(Nirgranth-Vol.1Ahemdabad 1996)

वि.सं. 1.84 / ई.स. 1.28 का रामसेन के आदिनाथ जिनालय स्थित प्रतिमाविहीन परिकर का लेख थारापद्रगच्छ का उल्लेख करने वाला सर्वप्रथम अभिलेखीय साक्ष्य है,पं.अम्बालाल शाह ने उक्त लेख की वाचना इस प्रकार की है। इस लेख में थारापद्रगच्छ के सूरिवरों की दीर्घ सूची दी गयी है जो इस प्रकार है-

वटेश्वर
↓
ज्येष्ठाचार्य
↓
शांतिभद्रसूरि (प्रथम)
↓
सिद्धान्तमहोदधि सर्वदेवसूरि
↓
शालिभद्रसूरि(प्रथम) (शीलभद्रसूरि)

↓

शांतिभद्रसूरि (द्वितीय)

↓

पूर्णभद्रसूरि

(रामसेन स्थित जिनालय में प्रतिमा प्रतिष्ठापक)

थारापद्रगच्छ से सम्बद्ध कालक्रम में द्वितीय प्रमाण है वि.सं. 111. / ई.स. 1.54 में आचार्य पूर्णमद्रसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित अजितनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख । वर्तमान में यह प्रतिमा अहमदाबाद में झवेरीबाड के एक जिनालय में है। इस लेख की वाचना एन.सी. मेहता ने की है। इन साक्ष्यों के माध्यम से थारापद्रगच्छ के मुनिजनों के गुरुपरम्परा की तालिका बनायी जा सकती है, जो इस प्रकार है–

बटेश्वरसूरि

↓

ज्येष्ठाचार्य

↓

शांतिभद्रसूरि (प्रथम)

↓

सर्वदेवसूरि

↓

शालिभद्र (प्रथम)

(शीलभद्र)

↓

शांतिभद्र (द्वितीय)

↓

पूर्णभद्रसूरि

↓

शालिभद्रसूरि (द्वितीय)

↓

नमिसाधु

(विं.सं. 1122/ई.स. 1.65 में षडावश्यकसूत्रवृत्ति तथा वि.सं. 1125 / ई.स. 1.68 में काव्यालङ्कार टिप्पण के रचनाकार)

इस प्रकार साहित्य स्रोतों के अनुसार थारापद्रगच्छ के नमिसाधु द्वारा प्रणीत दो कृतियाँ हैं–

1. षडावश्यक सूत्रवृत्ति (वि.सं. 1122 / ई.स. 1.65)
2. काव्यालङ्कार टिप्पण (वि.सं. 1125 / ई.स. 1.68)

उक्त रचनाओं की प्रशस्तियों में ग्रन्थकार ने स्वयं को थारापद्रगच्छीय शालिभद्र का शिष्य कहा है–

शालिभद्रसूरि (द्वितीय)

↓

नमिसाधु

इसी गच्छ के शालिभद्र सूरि ने सटीकबृहत्संग्रहणीप्रकरण की रचना को और अपनी गुर्वावली इस प्रकार दी है–

शालिभद्रसूरि

↓

पूर्णभद्रसूरि

↓

शालिभद्रसूरि (सटीकबृहत्संग्रहणी प्रकरण के रचनाकार)

रामसेन जिनालय में उल्लिखित पूर्णभद्रसूरि तथा सटीकबृहत्संग्रहणीप्रकरण के कर्त्ता शालिभद्रसूरि के गुरु पूर्णभद्रसूरि सम्भवत: एक ही व्यक्ति हैं। रामसेन के लेख (111.) तथा बृ.सं.प्र. की रचनामिति वि.सं. 1139 है जिनके बीच 28 वर्षों का अन्तर है। इससे भी पूर्णभद्रसूरि की अभिन्नता प्रतीत होती है। इसी प्रकार वि.सं. 1122 और वि.सं. 1125 में षडावश्यकसूत्रवृत्ति और काव्यालङ्कार टिप्पन के रचनाकार नमिसाधु के गुरु शालिभद्रसूरि भी बृहत्संग्रहणीप्रकरण के कर्त्ता शालिभद्रसूरि से अभिन्न ही प्रतीत होते हैं।

इस विवेचन से नमिसाधु की गुर्वावलि इस प्रकार प्रतीत होती है–

पूर्णभद्रसूरि

↓

शालिभद्रसूरि

↓

नमिसाधु

उपरोक्त विवेचन से यह निष्कर्ष प्रतीत होता है कि नमिसाधु ने अपने गुरु के रूप में शालिभद्र (द्वितीय) को स्वीकार किया है। इसके अतिरिक्त एक ऐसा अन्य प्रमाण भी रुद्रट कृत काव्यालङ्कार में नमिसाधु द्वारा की गयी प्रशस्ति से प्राप्त किया जा सकता है कि जहाँ नमिसाधु द्वारा प्रस्तुत शालिभद्र सम्बन्धी पद्य अजितनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख से अत्यधिक साम्य रखता है तथा सम्भवत: नमिसाधु ने उसी पद्य को अपनी अपनी रुचि अनुसार प्रस्तुत किया–

थारापद्रपुरीयगच्छगगनोद्योतक भास्वान्भूत सूरि रू
सागरसीम विश्रुतगुण: श्रीशालिभद्राभिध: ।।

(अजीत नाथ प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख, ए.एम.जे.आई.ए. पृष्ठ 72–74)

थारापद्रपुरीयगच्छतिलक पाण्डित्यसीमाभव–
त्सूरिभूरिगुणैकमन्दिमिह श्रीशालिभद्राभिध:।।

(काव्यालंकार रुद्रट नमिसाधु टीका पृष्ठ 427)

यद्यपि इस विवेचन से नमिसाधु की गुरु परम्परा का तो ज्ञान हो जाता है तथापि साहित्य स्रोतों से भी उनके जीवन वृत्ता से सम्बन्धित अन्य कोई भी तथ्य प्राप्त नहीं हो सका है। नमिसाधु की टीका से ज्ञात होता है कि इन्होंने काव्यालंकार ग्रंथ की टीका विक्रमी संवत 1125 में वर्षा ऋतु में समाप्त की है। (काव्यालंकार रुद्रट पृष्ठ 430)

अत: नमिसाधु का स्थितिकाल 11वीं शताब्दी स्वीकार किया जाना चाहिए।

साहित्यशास्त्र की दृष्टि से नमिसाधु उच्चकोटि के पण्डित थे। उनका अलङ्कार शास्त्र पर गम्भीर अध्ययन था। उनकी टीका सङ्क्षिप्त होने पर भी अभिधेयार्थ को स्पष्ट करने में पूर्णतया सक्षम है। उनकी टीका तत्कालीन अनेक साहित्यिक ग्रन्थों, नाटकों, महाकाव्यों के उदाहरणों से संवलित है। ग्रन्थकार के मत की स्थापना के लिए पूर्व प्रचलित मतों का खण्डन भी नमिसाधु ने अत्यन्त पटुता से किया है।

नमिसाधु ने काव्यालङ्कार पर टिप्पणी करने से पूर्व जैन सम्प्रदाय में समान रूप से मान्य प्रथम तीर्थङ्कर (आदिदेव ऋषभदेव) नाभेय देव की स्तुति कर मङ्गलाचरण परिपाटी का अनुपालन किया है–

निरूशेषापि त्रिलोकी विनयफरतया.....

(काव्यालंकार,रुद्रट नमिसाधु टीका पृष्ठ–1)

काव्यालङ्कार पर अपनी टीका करने के पूर्व नमिसाधु ने पूर्वमहामतियों की वृत्ति को प्रमाण मानते हुए अपनी सक्षिप्त टीका पद्धति का भी विवेचन किया है। किसी भी टीका में यथासम्भव तीन गुणों का होना अपेक्षित है यथा– मूलपाठ को सरल रूप में प्रस्तुत किया जाये, यदि कहीं अभाव हो तो उसे पूर्ण किया जाये तथा विवेच्य आचार्य का समर्थन किया जाये अथवा कहीं वैमत्य प्रदर्शन करना हो तो तर्कसङ्गत रूप में किया जाये। इस दृष्टि से नमिसाधु की टीका निश्चित रूप से सर्वथा उपयुक्त प्रतीत होती है।

नमिसाधु ने अपनी टिप्पणी में सर्वत्र रुद्रट के आशय को स्पष्ट करने का प्रयास किया है जिसके आधारभूत तत्त्व के रूप में उन्होंने पर्यायवाची तथा विग्रह पद्धति का ग्रहण किया है यथा–'अस्य हि पौर्वापर्य पर्यालोच्यचिरेणे निपुणस्य। काव्यमलंकर्तुमलंकुर्तदारा मति भवति।।'(रुद्रट काव्य अलंकार पृष्ठ –1)

नमिसाधु ने प्रस्तुत पद्य में प्रयुक्त पदों की पर्यायवाची, विग्रहरूपेण व्याख्या कर आचार्य रुद्रट के मूल आशय को सरल रूप में स्पष्ट किया है–

अस्य काव्यालंकारस्य ।
हि शब्दोयस्मादर्थे।
यस्मात् पौर्वापर्य हेतुहेतुमद्भावम् ।
हेतुरेष ग्रन्थ: ।
हेतुमन्तोऽलंकारा: ।
हेतुकार्ययोश्च पौर्वापर्य सिद्धमेव ।
अथवाद्यन्तोदितग्रन्थार्थ पर्यालोच्यवगत्य, आचरेण शीघ्रमेव, निपुणस्य प्रवीणस्य काव्यं कविभावम्, अलंकर्तुमलंकारसमन्वितं विधातुम्, कर्तु: कर्वे, उदारा स्फारा योग्या वा, मतिर्भवति बुद्धिर्जायते। तस्मात्सप्रयोजनमिदमलंकारकरणमिति ।।
(काव्यालंकार,रुद्रट पृष्ठ –4)

नमिसाधु ने आचार्य के आशय को स्पष्ट करने में जहाँ पूर्वाचार्यों के मतों का तर्कपूर्ण खण्डन किया, वहीं परम्परा को भी प्रमाण माना । यथा – वृत्ति विवेचन में रुद्रट ने अनुप्रासगत पाँच वृत्तियों को स्वीकार किया है(काव्यालंकार रुद्रट 2/19)

जबकि रुद्रट से पूर्ववर्ती आचार्य उद्भट ने तीन वृत्तियों को स्वीकार किया तथा प्राकृत आचार्य हरि ने भी आठ वृत्तियों को स्वीकार किया है। टीकाकार की कसौटी पर खरे सिद्ध होते हुए नमिसाधु ने रुद्रट की पाँच वृत्तियों का अनुमोदन करते हुए जहाँ उद्भट के मत का खण्डन किया वहीं हरि द्वारा उक्त आठ वृत्तियों में अतिव्याप्ति को स्वीकार कर वहीं उनका भी निरास कर दिया।(काव्यालंकार रुद्रट 2/19 नमिसाधु टीका)

नमिसाधु ने अपनी टीका में पूर्वपरम्परा का भी यथासम्भव ग्रहण किया है। नमिसाधु ने रुद्रट द्वारा विवेचित अर्थ प्रसङ्ग में पूर्व महाकवियों की परम्परा को स्वीकार किया है। उनका कथन है कि यद्यपि अन्यथा वर्णन निषिद्ध होता है परन्तु यदि महाकवियों द्वारा उसका कथन किया गया है तो उसे प्रसिद्धि के कारण ही स्वीकार करना चाहिए क्योंकि महाकवियों की प्रसिद्धि ही इस विषय में प्रमाण होती है।(का.रु.7/8नमिसा.टीका पृष्ठ 189.)

इसी प्रकार नमिसाधु ने रुद्रट कृत काव्यालङ्कार की टीका करते समय पूर्वाचार्यों के मतों का निरास भी तर्कसङ्गत रूप में करते हुए आचार्य रुद्रट के मत को ही पुष्ट किया है। यथा– काव्य हेतु विवेचन प्रसङ्ग में रुद्रट का कथन है कि प्रतिभा सम्पन्न व्यक्ति को सुकवि के चरणों में नक्तंदिनम् अभ्यास करना चाहिए।(का.रु.1/2.)

टीकाकार नमिसाधु ने 'नक्तंदिनम्' पद की विवेचना से यह प्रश्न उठाया कि रुद्रट ने इस पद का प्रयोग क्यों किया? चिन्तन–मनन के पश्चात् समाधान रूप में नमिसाधु ने रुद्रट के पूर्ववर्ती वामन के मत 'पश्चारात्रे एव' की सत्ता इस प्रकरण में स्वीकार की और तर्कसङ्गत रूप से उनके प्रति वैमत्य प्रदर्शित करते हुए कहा कि जैसा कि कहा गया है कि रात्रि के पश्चाद् भाग में ही अभ्यास करना चाहिए, यह उचित नहीं है क्योंकि नक्तं दिन अर्थात् जब भी समय मिले और बुद्धि तीक्ष्ण हो तभी अभ्यास करना चाहिए।(का. रु.नमिसा.टी. पृष्ठ 14)

इसी प्रसङ्ग में नमिसाधु की निष्पक्षता भी प्राप्त होती है। यद्यपि यह स्वयं जैनाचार्य हैं तथापि इन्होंने रुद्रटोक्त काव्य हेतु प्रसङ्ग में जैन आचार्य जयदेव को उनके अभाव के साथ उद्धृत किया कि महाकवियों के काव्यों में ऐसे छन्द भी प्राप्त होते हैं जिनका विवेचन जयदेवादि ने नहीं किया है।(का.रु.1/2.नमिसा.टी. पृष्ठ 14)

नमिसाधु की निष्पक्ष टीका पद्धति का इसके अतिरिक्त और क्या प्रमाण हो सकता है? इसी क्रम में रुद्रटकृत रस विवेचन प्रसङ्ग में आचार्य भरत द्वारा मान्य आठ रसों का उल्लेख करते हुए नमिसाधु का कथन है कि जहाँ भरत ने सहृदय के आवर्जकत्त्व के आधार आठ या नव रसों को ही स्वीकार किया है वहीं रुद्रट ने दस रसों को स्वीकार करने के साथ ही आस्वद्यता को प्राप्त होने वाली किसी भी चित्तावृत्ति को रसरूप में मान्यता प्रदान की है।(नमिसा.टी. पृष्ठ375)

प्रस्तुत प्रसङ्ग में नमिसाधु की निष्पक्षता रुद्रट के आशय का समर्थन तथा महत्त्व प्रदान करने के परिप्रेक्ष्य में परिलक्षित होती है।

इस प्रकार नमिसाधु की टीका रुद्रट के मूल अर्थ को समझने के लिए अत्यधिक उपयोगी है। विशेषत: अनुप्रास, यमक, श्लेष, चित्र, अर्थश्लेष अलङ्कारों के उदाहरणों को समझने के लिए नमिसाधु की टीका अत्यन्त आवश्यक तथा महत्त्वपूर्ण है जहाँ उन्होंने रुद्रटोक्त कारिका के प्रत्येक पद का अत्यन्त सरस रूप में विश्लेषण किया है।

नमिसाधु को ग्रन्थ के वर्ण्यविषय का पर्याप्त ज्ञान है अत: इन्होंने आचार्य के मत को स्पष्ट करने के लिए अनेक ग्रन्थों, कवियों, आचार्यों तथा उनके उदाहरणों प्रत्युदाहरणों को प्रस्तुत किया है चाहे वो प्रसङ्ग रस(1) का हो, काव्यभेद(2)का हो अथवा काव्यहेतु(3) का हो पद।(1–का.रु.13/5, 2–वही नमिसा.टी. पृष्ठ 395, 3–वही नमिसा.टी. पृष्ठ 14)

नमिसाधु ने रुद्रट के विचारों को पुष्ट करने के लिए अनेक आचार्यों कवियों दण्डी, मेधाविरुद्ध, भामह, जयदेव, पाणिनि, भारवि, यास्क, उद्भट, कालिदास तथा माघ आदि का नामत: उल्लेख किया है।

वस्तुत: नमिसाधु ने सर्वत्र रुद्रट का अनुगमन किया है। अपनी टीका के माध्यम से उन्होंने रुद्रट को सूत्रकार कहा है, जिससे सम्भवत: स्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने रुद्रट द्वारा सूत्ररूप में उक्त विचारों की व्याख्या करने के लिए विस्तृत आधार का ग्रहण किया है।(का.रु.6/9 नमिसा.टी. पृष्ठ 155) यथा– जहाँ उन्होंने कवियों, आचार्यों को प्रमाण रूप में स्वीकार किया वहीं वैयाकरणों का भी स्पष्टत: उल्लेख कर अपने व्याकरण विद्धता को भी प्रस्तुत किया है।

सङ्क्षेप में नमिसाधु ने अपनी टीका पद्धति में कुछ आधारों पर रुद्रट के मत की व्याख्या की हैकृमौनं स्वीकारं लक्षणं के आधार पर मौन समर्थन(का.रु.12/43नमिसा. टी. पृष्ठ 385)

जिस अंश से प्रभावित हैं उसका विशद विवेचन
(का.रु.1/2.नमिसा.टी पृष्ठ 14)

जैन धर्मावलम्बी होने के कारण सङ्क्षिप्त व्याख्या(का.रु.14/18नमिसा. टी. पृष्ठ संख्या399)और जो विषय पूर्वाचार्यों की मान्यताओं व रुद्रट की विचारधारा के अनुरूप तथा सुस्पष्ट हैं उनका शब्दत: समर्थन।(का.रु.7/2नमिसा.टी. पृष्ठ184)

अब यदि यह प्रश्न उठाया जाये कि नमिसाधु द्वारा जैन धर्मावलम्बी होने पर भी रुद्रट कृत 'काव्यालङ्कार' की टीका करने का क्या कारण हो सकता है? इसके समाधान रूप में कई हेतुओं को स्वीकार किया जा सकता है। यथा- रुद्रट कृत काव्यालङ्कार में संधिकाल के ऐसे विषय बीजरूप में विद्यमान थे जो परवर्ती परम्परा में विकसित हुए अथवा सम्प्रदायरूप में उदित हो गये। यथा-ध्वनि, औचित्यादि। इसके अतिरिक्त नमिसाधु ने इस ग्रन्थ में नाट्य तथा काव्यधारा का सुन्दर सामञ्जस्य भी देखा कि एक अलङ्कारवादी आचार्य द्वारा जहाँ एक ओर रस सङ्ख्या वृद्धि की गयी वहीं दूसरी ओर अर्थालङ्कारों का विभाजन भी नियमगत रूप में किया गया और सम्भवत: यही मुख्य कारण रुद्रट काव्यालङ्कार पर नमिसाधु द्वारा टीका करने के मूल हेतु के रूप में स्वीकार किया चाहिए।

अन्तत: नमिसाधु कृत टीका काव्यालङ्कारगत रुद्रट के मूल आशय को स्पष्ट करने के लिए आवश्यक साधनभूत है। नमिसाधु टीका के महत्तवपूर्ण योगदान के रूप में यह स्वीकार किया जा सकता है कि इनकी टीका से संवलित होकर काव्यालङ्कार गत वर्ण्यविषय को विशद आधार ही मिला है।

नमिसाधु ने रुद्रट द्वारा प्रस्तुत भावभूमि पर अधिष्ठित होकर उनकी विशेषताओं को हृदयङ्गम करते हुए सर्वथा सरल व ग्राह्य रूप में प्रस्तुत किया है। नमिसाधु ने अपने टीका करने के प्रयोजन का भी उल्लेख किया है कि इस प्रकार रुद्रट प्रणीत 'काव्यालङ्कार' पर टीका करने से मैंने जो पुण्यलाभ किया है, उसके फलस्वरूप मेरा मन परोपकार में अनुराग रखने वाला हो, यही मेरी अभिलाषा है-

'एवं रुद्रटकाव्यालङ्कृतिटिप्पणकविरचनात्पुण्यम।
यदवापि मया तस्मान्मन: परोपकृतिरति भूयात् ।।'
(का.रु.नमिसाधु टीका पृष्ठ 429)

नमिसाधु के इस कथन का आशय इस प्रकार माना जा सकता है कि जो विशेषताएं रुद्रट के काव्यालङ्कार में प्रच्छिन्न रूप में विद्यमान थी उनको सहृदय सामाजिक के समक्ष सरल रूप में प्रस्तुत करके नमिसाधु ने रुद्रट का उपकार ही किया है क्योंकि परोपकार ही सहृदयों का मुख्य गुण होता है और नमिसाधु की सहृदयता तो उनकी टीका पद्धति से ही सिद्ध प्रतीत होती है।

सर्वथा सरस तथा सरल टीका करने पर भी नमिसाधु ने अपनी टीका के अन्त में सहृदयता का परिचय देते हुए विद्धत्समाज से अज्ञानवश भ्रांतिपूर्ण व्याख्या के लिए क्षमा प्रार्थना की है-

अज्ञानाद् यद्धितथं विवृत्तां किमपीहतन्महामतिभि: ।
संशोधनीयमखिलं रचिताञ्जलिरेष याचेऽहम् ।।
(का.रु. पृष्ठ43.)

नमिसाधु का यह कथन उन्हें उच्चकोटि के टीकाकार की श्रेणी में स्थापित करने में पूर्णतरू सक्षम है। नमिसाधु की टीका काव्यालङ्कारगत गुणों की विवेचक, प्रकाशक तथा विश्लेषक है।

अंतत: कहना उचित ही प्रतीत होता है कि नमिसाधु काव्य शास्त्रीय परंपरा में उच्च कोटि के आचार्य के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. जैन साहित्य का वृहद इतिहास- भाग 5 (पंडित अंबा शाह)
2. जैन साहित्य का वृहद इतिहास (डॉ.गुलाबचंद चौधरी)
3. जैन आचार्य का अलंकार शास्त्र में योगदान (डॉ.कमलेश जैन)
4. तीर्थ दर्शन द्वितीय खंड
5. जैनेंद्र सिद्धांत कोष (जिनेंद्र वर्णी)
6. संस्कृत काव्यशास्त्र इतिहास (डॉ. सुशील कुमार डे)
7. संस्कृत काव्यशास्त्र का इतिहास (श्री पी.वी.काणे)
8. रुद्रट काव्यालंकार (पंडित रामदेव शुक्ल डॉक्टर सत्यदेव चौधरी)
9. Rudrata's
10. Kavyalankara-An Estimate(Dr.K. Leela Prakash)
11. तीर्थ दर्शन
12. Nirgranth volume 1
13. स्थूलिभद्र संदेश (श्री ललित कुमार नाहटा)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Desiring Girlhood: Female Sexuality and Psychosexual Development in *Claudine at School* and *The Crooked Line*

Anjali*

***PhD Scholar, Jamia Millia Islamia University, New Delhi, INDIA**

Abstract: This paper explores the way both Ismat Chughtai in *The Crooked Line* and Colette in *Claudine at School* have represented female sexuality and psychosexual development from a teenage girl's perspective. Despite setting in different periods, early twentieth-century colonial India and Belle Époque France, both novels portray the coming-of-age of young female protagonists navigating the tensions between personal desire and societal expectations.

Drawing insights from the works of Simone de Beauvoir, Kate Millett, Adrienne Rich, and Luce Irigaray, the paper examines how gender socialisation influences a young girl's relationship to her desire, identity, and agency over her body. The paper argues that these texts do not present girlhood as a passive stage on the way to adulthood, but as an active and often complex process of becoming. In doing so, Chughtai and Colette offer alternative representations of the female coming-of-age that is not shaped by conformity, but by desire, resistance, and the search for a self-defined identity within a patriarchal society.

Keywords: Female coming-of-age, female desire, gender socialisation, feminist literary criticism, female sexuality, comparative literature.

Introduction - The paper "Desiring Girlhood: Female Sexuality and Psychosexual Development in *Claudine at School* and *The Crooked Line*" attempts to examine how the writers Chughtai and Colette have represented female sexuality and desire from the perspective of a female teenager in their novels, *The Crooked Line*[1] and *Claudine at School*,[2] from *The Complete Claudine*series. Even though both stories are set in different socio-cultural and political contexts, *The Crooked Line* was written in the early twentieth century, amidst India's freedom struggle against the British Empire. At the same time, the latter is set against the backdrop of the Belle Époque (a period often known for optimism, peace, economic prosperity and significant advancement in the arts, literature, and technology) of early twentieth-century France. However, the aim behind studying these two works is to compare and analyse the way both writers represent female sexuality and desire from the perspective of a female teenager. In addition, the way both writers critique the way the patriarchal system dictates a woman's sexuality, attempts to suppress it from childhood, and the adverse effects of it on their psychosexual development.

Overview of the Primary Texts: *The Crooked Line* traces the struggle of Shaman who finds herself in a subordinate position and struggles to find her voice and place in an oppressive patriarchal society. Through the character of Shaman, Chughtai discusses how young women are conditioned since their birth and the way it eventually impairs their understanding of what is their role in the society and their own identity.*The Complete Claudine* is a series of four novels *Claudine at School*, *Claudine in Paris*, *Claudine Married*, and *Claudine and Annie*, written by Colette.The novel follows the life of Claudine from a schoolgirl in a boarding school to a married woman who feels lost after getting married and wants to escape and explore more than what her married life has to offer. The paper focuses only on *Claudine at School*, as similar to *The Crooked Line* that depicts the psychosexual development of a young girl, a similar thread runs through *Claudine at School*. Both protagonists of the two texts struggle for creating their identity and experience desire outside the prescribed norms set by the society. Claudine is bolder and more expressive while Shaman passive. However, both teenagers navigate their sexual awakening in a society that conditions them to be sexually available but not act upon their desire.

Cultural Conditioning and Female Sexuality: Female sexuality and desire have always been taboo and contentious subjects. There is an inherent stigma surrounding a woman seeking and acting upon her sexuality and desire. The issue not only has to do with how society has considered women as 'objects of lust or love,' always "the desired one" and never the "desiring one." Kate Millett, in her seminal work *Sexual Politics*[3], describes this kind of relationship between men and women not as that of equals

but rather that of "dominance and subordination."[4] She stresses that there is an "interior colonisation"[5] which has been highly institutionalised, and due to which men seem to sexually dominate women's bodies and decide how sex should be performed as an activity.

Therefore, a woman's pleasure has always been treated as secondary, and what and how she desires is shaped by oppressive gender norms. These gender norms dictate how women should be modest and passive, while men are encouraged to be assertive and sexually active. However, when a woman rejects these norms and seeks sexual pleasure, she is shamed for it, as if it is a 'sin.' Men, however, are often exempt from these restrictions. Simone de Beauvoir reflects upon this double standard of society when it comes to men and women exploring their sexuality and opines that "Patriarchal civilisation condemned woman to chastity; the right of man to relieve his sexual desires is more or less openly recognised… for her the act of the flesh, if not sanctified by the code, by a sacrament, is a fault, a fall, a weakness; she is obliged to defend her virtue, her honour; if 'she gives in' or 'if she falls,' she arouses disdain, whereas even the blame inflicted on her vanquisher brings him admiration."[6]

This is even true now, as a woman, since childhood is conditioned to believe that premarital sex is against the culture and if she seeks sexual pleasure or acts upon her desire before marriage. She is bringing shame to her character and therefore her 'family,' or her 'community.' So, it is not surprising that young girls are always rebuked when they appear or behave in a particular 'sexual manner.' Though, quite ironically, the girl is encouraged to be seductive or more open about her sexuality when it comes to pleasing a man, while at the cost of ignoring her pleasure, whether sexual or emotional. This disparity is further highlighted in literature, wherein plenty of coming-of-age stories are centred on teenage boys going on adventures, falling in love, or getting to explore their desires and sexuality. Female desire, by contrast, simply isn't up for discussion in these works: women can be "the object or the victim of someone else's desire."[7] but rarely be recognised as someone with sexual feelings of her own. In most narratives, the teenage girl is on the periphery of the larger story, where the boy 'hero' goes on adventures, falls in love, and gets to be with her.

However, with characters like Shaman, Rasul Fatima, and Najma in *The Crooked Line*, and Claudine, Aimee, and Luce in *Claudine at School*, Chughtai and Colette dispel the traditional conventions about sexuality and desire that celebrate sexual exploration by men as an integral part of male psychosexual development and eventually self-development. In contrast to the narratives of teenage girls who are depicted as decorous, desexualised, and over-achieving' deer,' we have Shaman, who, with her 'pulls and tugs of the flesh,' is often labelled a "witch."

Then we have Claudine, a school-going girl who is aware of her sexuality, beauty, and the effect of it on others as she decides to seduce her male teacher to make her female teacher jealous and knows all she has to do is to "open my eyes innocently wide and to droop my head so that my hair fell lose all about my face. He swallowed the bait at once."[8] Therefore, both writers depart from the decorum that most writers, not just those of the 20th century, but also those of today, seem to maintain regarding childhood narratives.

The Modern Teenage Girl: A Comparative Lens: Let's examine a few notable teenage narratives in Indian and French fiction from the early 20th century. One can notice how, whether it is Swami in *Swami and Friends*[9] or François Lepic in *Little What's-His-Name*,[10] both trade within the conventions of romanticised, sentimentalised, and idealised childhood or coming-of-age narratives. And in a narrative about a teenage girl (though there are not many), we meet Durga from *Pather Panchali*[11]. She is an impoverished, quirky, motherly figure to her younger brother and often lies and steals food to make ends meet. We see the daily lives of Swami, Nicholas, Durga, and their idyllic and innocent childhoods, but there is no focus on their dreams, desires, or inner minds. But Chughtai and Colette digress from the depiction of deroticsed teenagers through Claudine, Shaman, and their peers. Their works not only focus on young girls' journey to self-development, but also reveal the inner workings of their minds in a patriarchal world that does not allow them to dream and desire. It also shows how they perceive female sexual awakening as a crucial aspect of female coming-of-age, and therefore, the paper also considers the selected works by Chughtai and Colette as coming-of-age narratives for Shaman and Claudine.

The characteristics of a female coming-of-age can be identified in the novels *The Crooked Line* by Ismat Chughtai and *The Complete Claudine*, written by Colette, as both narratives focus on Shaman's and Claudine's journey from childhood to adulthood. It shows how their social, psychological, and even psychosexual conditioning shapes their perception of the world and their own identities. Since growing awareness of self-identity and sexuality is also a part of self-actualisation, both writers have, by exploring a young woman's femininity and sexuality from a young female perspective, provided us with a unique representation of a young modern female teenager's coming of age.

However, these works are not, per se, a coming-of-age story for a queer character because, by the end of the novel and series, both Shaman and Claudine are married and enter a heterosexual relationship. What intrigued me about reading these works on young female queer desire is how the writers, by presenting a young female protagonist who refuses to conform to many of the conventions of conventional heroines in plots with heterosexual resolutions, especially in young adult fiction, particularly resonated with me. For instance, reflecting upon the psychosexual

development of Shaman, who wakes up after dreaming about Unna, her wet nurse, where she sees Unnas all around her and finds her "fleshy and ripe like a mango… her soft, warm Unna… burrowed herself into the rounded softness, her lips moving, the veins in her throat throbbing as if she were gulping down great quantities of milk."[12] Later on, after watching a wedding ritual of the groom happily licking kheer (Indian sweet dish) from the bride's palm makes Shaman "in the grip of a strange longing,"[13] while Noori, her cousin, "insisted that they go to the storage room and play wedding games right away."[14]

But one should notice that neither of the writers has defined or labelled their protagonists as lesbian or bisexual. Claudine or Shaman's sexual and romantic attractions and desires occur organically throughout their childhood to adulthood, but are never gender specific. However, one can see their journey of sexual awakening as that of a queer character, and precisely of a bisexual woman. For instance, at first, Shaman is repelled by Rasul Fatima, her classmate and roommate's, relentless adoration and physical advances. Only a short time later, she experiences similar feelings for her teacher, Ms. Charan and Najma, her friend. Then, the Shaman moves to college and gradually develops intense feelings for her classmates Satil and Iftiqaar, and eventually gets married to Ronnie Taylor, an Irish army man. Similarly, Claudine's endless fawning and pitiful adoration for her teacher Aimee is one-sided. However, when Claudine receives the same treatment from her teacher's sister, Luce, it ironically irritates and angers her.Her discomfort at Luce's physical advances, when she shows a desire to kiss Claudine, she behaves aggressively at the idea, "Good Heavens no, I don't want to![15]—exposes a deeper internalisation of patriarchal conditioning. Later, when she is married, Claudine has an intense desire for Rezi, Renaud's friend. Still, throughout their courtship, she is constantly plagued by her shame and the constant reminder that she is not allowed to act upon her desires. The patriarchal construction of female (homo) sexual desire is discussed by Adrienne Rich when she explains how patriarchal society, "asserts that primary love between the sexes is 'normal,' that women need men as social and economic protectors, for adult sexuality, and psychological completion; that the heterosexually constituted family is the basic social unit; that women who do not attach their primary intensity to men must be, in functional terms, condemned to an even more devastating outsiderhood than their outsiderhood as women."[16] As a result, women who do not attach their primary emotional and sexual intensity to men are positioned as doubly outside the dominant order first as women, and again as deviant women. Even though Renaud himself orchestrates Claude's affair with Rezi, it is her own shame and guilt that prevents her from experiencing or acting upon her desires.

Therefore, both writers not only depict the fluidity of Shaman and Claudine's sexuality but also challenge the broader ideological norms that seek to restrict female desire. Neither of these protagonists are considered queer, yet their psychosexual development journey is filled with instances that extend beyond heterosexual norms. Their erotic experiences whether homoerotic or heteronormative are not isolated moments, but part of their evolving engagement with self. These moments exist alongside other significant events in their lives and together they shape how each woman navigates the search for her own identity. In this sense, Claudine's and Shaman's experiences show that female desire is not something that can be categorised into 'abnormal,' or 'marginal,' but an important and complex part of how they form their understanding of what it means to be a woman, even when that understanding involves confusion, inner conflict of condition.

Social Morality and Cultural Restraint: Chughtai and Colette not only represent and celebrate female sexuality and desire from a female teenager's perspective but also draw out a very crucial argument regarding the negative impact of cultural restraint on a woman's psychosexual development. There are still cultures across various religions, ethnicities, or communities which have compelled women to suppress their sexuality and sexual desires, making it a shameful act and something against cultural, societal morals and values. Women who do not abide by this notion are often labelled as morally loose characters. In such environments, a young girl grows up to internalise the idea that having sexual desires or acting upon them is something against culture or tradition. So, the girl grows up to be someone who stifles her sexuality; she feels trapped in her own body. As Beauvoir opines, a woman "does not admit this feeling to herself: but it is there, it distorts all her best efforts, it sets up limits, boundaries that are more than often hard to cross."[17]

Also, regardless of the age we live in, both writers demonstrate that a woman will always be subjected to a different, and more often than not, an irrational moral code than a man when it comes to dictating the ways in which she should live and behave in society. However, the primary focus of both Colette and Chughtai is not only to depict female sexuality from the lens of young girls but also on the significance of women gaining sexual agency. As the conditioning of a girl child begins at home, it is there that she is taught how to live her life in a way that doesnot bring shame or dishonour to the family. Throughout her upbringing, a girl is continuously put after a male member in the family or school, etc. She is taught, time and again, that she is the 'secondary sex.' Even when it comes to sexual gratification, she learns that she can only discover her own body or desires through a male. But through their teenage female characters and their coming of age, Chughtai and Colette created an environment for young girls where they not only learn about their sexualities but also can explore them without being judged or made to feel ashamed about thinking them.

Conclusion: Therefore, Chughtai and Colette provided us with works that highlight the fluidity of female sexuality and how social constructs of femininity distort a woman's psyche regarding her sexuality and desires. They also focus on the exploration of women and their sexuality in and excluded from public and private spheres. *The Crooked Line* and *Claudine at School*, by depicting teenage female sexuality and desire, also helped invent the twentieth century's first modern adolescent girl. This teenage girl is rebellious, self-centred, erotically reckless, sexually fluid, and determined to create an identity different from what she was given at birth. This modern teen girl is also confused about how, or if, one can actually 'become a woman' without losing the 'person' she wants to create for herself. But no matter what, we as readers root for them and hope that 'girls on adventures' explore the world, their sexual desires, and get the boy or girl of their dreams, if that is what they want.

References:-

1. Ismat Chughtai, *The Crooked Line*, trans. Tahira Naqvi (New Delhi: Kali for Women, 1995).
2. Colette, *The Complete Claudine: Claudine at School; Claudine in Paris; Claudine Married; Claudine and Annie*, trans. Antonia White (New York: Farrar, Straus and Giroux, 2001).
3. Kate Millett, *Sexual Politics* (New York: Columbia University Press, 2016), 111.
4. Ibid., 23
5. Ibid.
6. Simone de Beauvoir, *The Second Sex*, trans. Constance Borde and Sheila Malovany-Chevallier (Dublin: Random House Ireland, 2010), 89.
7. Deborah L. Tolman, *Dilemmas of Desire: Teenage Girls Talk About Sexuality* (Cambridge, MA: Harvard University Press, 2005), 39.
8. Colette, The Complete Claudine, 74.
9. R. K. Narayan, *Swami and Friends* (Chennai: Indian Thought Publications, 2008).
10. Alphonse Daudet, *Little What's-His-Name*, ed. Andrew Moore, trans. W. P. Trent (New York: Mondial, 2008).
11. Bibhutibhushan Bandopadhyay, *Pather Panchali: Song of the Road*, trans. T. W. Clark and Tarapada Mukherji (New Delhi: HarperCollins, 2003).
12. Chughtai, *The Crooked Line,* 3.
13. Ibid., 34.
14. Ibid.
15. Colette, *Claudine at School*, 111.
16. Adrienne Rich, *Compulsory Heterosexuality and Lesbian Existence*, *Signs* 5, no. 4 (1980): 631–660, https://www.jstor.org/stable/3173834.
17. Beauvoir, *The Second Sex*, 207.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

प्रवासी जनजातीय श्रमिकों को प्रेरित करने वाले कारकों का समाजकार्य अध्ययन (मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के विशेष संदर्भ में)

कपिल डामर*

* पीएच.डी. शोधार्थी (समाजकार्य) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर, महू (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – आधुनिक भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या व बेरोजगारी के कारण लोग अपनी आजीविका चलाने के लिए ग्रामिण क्षेंत्रों से शहरी की और रोजगार की तलाश में जा रहें है जिसमें रोजगार, प्रवास सबसे बड़ा कारण है। ग्रामिण क्षैत्रों में निवास करने वाले अधिकतर जनजातीय लोंगो के पास आय के संसाधन न होने तथा मूल स्थान पर रोजगार की सुविधाएँ न मिलने के कारण अपने घर को छोड़कर शहरों की ओर मजदूरी करने जा रहे है। इस प्रकार से देश में असंगठित क्षेंत्रों में 42 करोड़ श्रमिक मजदूर प्रवास मजदूरी के रूप में संलग्न है। जिसकी आयु 18–40 वर्ष आयु समुह के श्रमिक सिर पर बोझढ़ोना ईट–भट्टा, रिक्शा चालक, भूमिहीन मजदूर, भवन–निर्माण मजदूर आदि सम्मलित है।

2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 6.4 लाख गांव है, जंहा देश की जनसंख्या का 68 प्रतिशत हिस्सा ग्रामिण क्षेत्रों में निवास करता है। इस प्रकार से ग्रामिण अर्थव्यवस्था का राष्ट्रीय आय में 46 प्रतिशत योगदान है और 70 प्रतिशत श्रमिक गांव में रहते है जिनका मुख्य व्यवसाय कृषि कार्य है, जो कि पूर्णत: वर्षा पर निर्भर है तथा उनको कृषि कार्य से उत्पादित फसल से अधिक आमदानी न होने से बुनियादी ढ़ाँचा सुविधाओं का न मिलना है। अधिकतर जनजातीय लोग सीमांत कृषक (छोटे कृषक)व भूमिहीन श्रमिक होने के कारण अपने परिवार में बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में असमर्थ है। इसलिए उन्हें उभरने, बच्चों की शिक्षा, उन्नत कृषि व्यवस्था और मूलभूत सुविधाएं जुटाते है।

ग्रामिण जनजातीय परिवारों में जनसंख्या के वृद्धि होने से उनके परम्रागत कृषि व्यवसाय पीढ़ी–दर–पीढ़ी परिवार के भाईयों में विभाजित होती है, जिसके कारण कृषि जोतों के आकार भी छोटे–छोटे होते जा रहे है जिसके फलस्वरूप उनकी कृषि उपज में कमी व परिवार में औसत सदस्यों की संख्या अधिक होने के कारण जनजातीय परिवारों के सदस्यों का पालन–पोषण पूर्ण रूप से नही हो पा रहा है। एसी परिस्थिति में जनजातीय लोगों को अपने परिवार चलाने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है जैसे – खाद्य पदार्थ जुटाने, पारिवारिक खर्च चलाने, कृषि सिंचाई, बीमारी के उपचार, आवास बनानें, स्वरोजगार स्थापित करने, शिक्षा प्राप्त करनें, उपयागी संसाधनों को खरीदनें, शादी–विवाह जैसे सामाजिक त्योहार व सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सम्पन्न करने के लिए अधिक रूपयों की जरूरत होती है। इसलिए जनजातीय लोग अपने घर से मौसम के अनुसार शहरों की और मजदूरी करने जाते है।

मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले की विशेषत: भील, भिलाला, बारेला, पटलिया, जनजातीय अंचल भी एक ऐसा ही क्षेत्र है, जहां से हजारों की संख्या में जनजातीय समाज के लोग मजदुरी की तलाश में अंत:राज्यीय व अंतर्राज्यीय प्रकार के प्रवास कर रहे है। यहां के अधिकांश ग्रामिण जनजातीय लोग अपने मूल स्थान से अपने पड़ोसी राज्यों गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान के शहरों में भवन–निर्माण कार्यो तथा कृषि मजदूरी कार्य के लिए जाते है। इस प्रकार से प्रवास लोगों के जीवन में एक अवधारणा ही नही बल्कि स्थान परिवर्तन का चक्रीय क्रम बना हुआ है। यह प्रवास आपातकालीन प्रवास न होकर आजीविका कमाने का एक महत्वपूर्ण आधार बन गया है। प्रो. बेब ने अपने 'जनसंख्या परिवर्तन का प्रवासन सिद्धांत' में जनसंख्या के स्थानांतरण को ध्यान में रखकर जनसंख्या विकास का विश्लेषण किया गया है जिसमें किसी देश की जनसंख्या को प्रभावित करने वाले तीन बताये गये है– 1. जन्म दर 2. मृत्यु दर और 3. प्रवास।

प्रवास का अर्थ एवं परिभाषाएँ – प्रवास अंग्रेजी शब्द का हिन्दी रूपान्तर है। प्रवास का अर्थ एक मूल स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान पर जाना, यहां–वहां अस्थायीय तौर पर निवास करना और अपने मूल स्थान से संपर्क बनाएं रखना है।

प्रस्तुत शोध–प्रबंध का प्रयोग मध्यप्रदेश के ग्रामीण जनजातीय क्षेत्रों के संदर्भ में किया गया है। वास्तव में प्रवास शब्द पलायन का पर्यायवाची है। प्रवास शब्द से स्वत: ही स्पष्ट होता है कि इन क्षेत्रों से जो ग्रामीणजन प्रवास कर रहे है, वे आकर्षक तत्वों के प्रभाव से नही कर रहे अपितु उन्हें उनकी परिस्थितियाँ व समस्याएँ (जैसे– ऋणग्रस्तता, गरीबी, बेरोजगारी) अपना मूल स्थान छोड़ने को विवष कर रहे है। प्रवास को सामान्यत: दो प्रकार के अंतर्राज्यीय प्रवास व अंत:राज्यीय प्रवास के संदर्भ में किया गया है, जिसमें वे ग्रामीण श्रमिक है, जो या तो भूमिहीन हो या सीमांत कृषक हो, जो आय के स्त्रोत न होने व रोजगार के अभाव में मध्यप्रदेश के भीतर ही औद्योगिक क्षेत्रों की ओर प्रवास करते है तथा राज्य के बाहर गुजरात, महाराष्ट्र, व राजस्थान राज्य में प्रवास करने वाले जनजातीय श्रमिक को सम्मिलित किया गया है, जो प्रवास स्थल कृषि मजदूरी व साझेदारी में कृषि तथा भवन–निर्माण कार्य करने वाले अकुशल, अर्द्धकुशल व कुशल श्रमिक या कारीगारी का कार्य कर रहे है। खासकर मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के

ग्रामीण क्षेत्रों से नगरीय क्षेत्रों व पड़ोसी राज्यों की और प्रवास करने वाले जनजातीय श्रमिक(भील, भीलाला, व पटलिया जनजाति व उपजाति) को शामिल किया गया है।

प्रवास शब्द का अर्थ स्थान परिवर्तन करने के संदर्भ में किया गया है, जिसमें व्यक्ति किसी कार्य के लिए अपने मूल स्थान को छोड़कर कही दूसरे स्थान पर अस्थायी रूप से बस जाते है या बार-बार आते-जाते रहते है उसे प्रवास कहा गया है।

प्रवासी शब्द का अर्थ मजदूरी के लिए मौसम के अनुसार जगह-जगह पर जाने वाले श्रमिकों के संदर्भ में किया गया है, जो रोजगार की तलाश में दूसरें शहरों व राज्यों में निवास कर प्रवासी मनदूरी कार्य करते है उसे प्रवासी कहा गया है।

श्रमिक का अर्थ- अधिनियम की धारा 2 (ई) के अनुसार -'श्रमिक ऐसे व्यक्ति को कहां गया है, जो किसी भवन या निर्माण कार्य में कुशल, अर्द्ध कुशल या अकुशल श्रमिक के रूप में शारीरिक या पारिश्रमिक वेतन के लिए कार्य करता है उसे श्रमिक कहां जाता है।

प्रवासी श्रमिक उन लोगों को कहा जाता है, जो मजदूरी करने के लिए अपने घर से साठ-गाठ के साथ शहरों की ओर अधिक समय के लिए मजदूरी की तलाश में निकल जाते है, वहां प्रवास स्थल पर कुछ महिने रहकर प्रतिदिन प्रवासी के रूप मजदूरी कार्य करते है उसे प्रवासी श्रमिक कहा गया है।

प्रवास की परिभाषाएँ – बर्गेल के अनुसार-'प्रवास मानवीय जनसंख्या में स्थानांतरण के लिए प्रयुक्त नाम है। प्रवास की प्रक्रिया मानवीय जनसंख्या को उपलब्ध सुविधाओं की ओर जाने हेतु आजीविका कमाने हेतु रोजगार प्राप्त करने हेतु शहरों की चकाचौंध की ओर आकर्षित करने हेतु प्रेरित करती है।

वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार देश के 102.9 करोड़ लोगों में से 30.7 करोड़ (30 प्रतिशत) जनसंख्या प्रवासी थे, जो अपने जन्म स्थान से अलग रह रहे थे।

'इकोनॉमिक सर्वे ऑफ इण्डिया', 2017 के अनुमानित आंकडे यह दर्शाते है कि 2011 और 2016 के बीच भारत में आंतरिक प्रवास करने वाले लोगों की वार्षिक संख्या 9 मिलियन के करीब थी, जबकि 2011 में भारत आंतरिक प्रवासियों की कुल जनसंख्या में एक-चोथाई देने वाला 139 मिलियन पर रहा है जिसमें उत्तरप्रदेश, और बिहार सबसे बडें स्त्रोत राज्य है, जहां से लोग सबसे अधिक संख्या में प्रवास करते है। इसके बाद मध्यप्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखण्ड, जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल से प्रमुख रहे है तथा आकर्षित करने वाले राज्यों में दिल्ली , महाराष्ट्र, तमिलनाडू, गुजरात, आन्ध्रप्रदेश, और केरल है।

संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट, 'द इंटरनेशल माइग्रेंट स्टॉक 2019' में यह कहा गया है कि विदेशों में 1.75 करोड़ भारतीय प्रवासी है। उनके प्रवास करने के मुख्य कारण नौकरी, उद्योग, शिक्षा, व व्यापार करने के लिए अपने देश को छोड़कर दूसरे देशों में जाकर रहने लगे है, जिसमें भारतीय प्रवासियों की आबादी दुनिया में सबसें अधिक है और दुनियाभर में प्रवासियों की संख्या करीब 27.2 करोड़ पर पहुंच गई है। इस रिर्पोट में अंतराष्ट्रीय प्रवासियों की उम्र, लिंग और मूल देश तथा दुनिया के सभी हिस्सों के आधार पर संख्या बताई गई है। कुल प्रवासियों की संख्या दुनिया की आज की आबादी का 3.5 फीसदी है। अंतराष्ट्रीय प्रवासियों को अपने यहां जगह देने वाले देशों में सबसे ऊपर यूरोप और उत्तरी अमेरिका है।

Rural poverty and affordability constraints: Affordability is a major hurdle to continued LPG use. Although PMUY successfully provided more LPG connections in Rajasthan, many rural households find the cost of refills prohibitive. In poorer districts, the need to cover essential expenses often forces households to return to using biomass instead of buying a gas cylinder. This situation aligns with national research, which indicates that the ongoing expense of clean fuels, rather than the initial availability, is the primary factor determining their sustained use. This cost barrier is particularly significant in rural Rajasthan, where household earnings fluctuate, work is seasonal, and money is mostly spent on food. Consequently, the use of clean fuels in these areas is vulnerable to financial setbacks, making adoption inconsistent and precarious.

Comparisons with national findings: National surveys, such as the National Family Health Survey and the India Human Development Survey, show steady progress in adopting clean fuels. While urban areas are close to universal coverage, rural areas are gradually improving. Rajasthan's progress aligns with this national trend, but with two key differences:

1. **A wider rural-urban gap:** The difference between rural and urban households in Rajasthan is larger than the national average, indicating deeper inequalities.
2. **More varied within the state:** National surveys often hide the disparities seen at the district level. Rajasthan shows extremes, with districts like Ajmer and Alwar achieving significant clean fuel adoption, while Banswara, Barmer, and Dungarpur lag far behind.

These differences suggest that state- or national-level averages cannot fully capture the complexity of energy transitions. Rajasthan's situation highlights the need for local analyses that consider local conditions, cultural practices, and geographical challenges.

Policy interpretation: Ujjwala Yojana and beyond: Thus, while Ujjwala has succeeded in improving *access*, it has not addressed sustained affordability and reliability. In Rajasthan, the limitations of PMUY are especially stark because of the state's socio-economic diversity and challenging geography. The main bottlenecks are:

1. **Affordability of refills**, which discourages regular use.
2. **Distributional gaps**, especially in tribal and desert areas.
3. **Cultural inertia**, where households perceive biomass as sufficient.

Intra-state inequality: lagging districts and marginalized groups: One of the most striking findings is the persistence of intra-state inequality. Urbanized districts such as Jaipur and Alwar enjoy better infrastructure and higher incomes, enabling sustained clean fuel use. In contrast, tribal districts in the south and desert districts in the west remain far behind. Moreover, caste and social identity play an important role. The analysis shows that Scheduled Tribes and marginalized caste groups disproportionately rely on unclean fuels. This intersection of poverty, geography, and social exclusion creates overlapping disadvantages, reinforcing the cycle of energy poverty.

Such inequalities underline the inadequacy of "one-size-fits-all" policies. Without district-sensitive strategies, state-level averages risk obscuring the fact that certain regions and groups are systematically left behind.

Conclusion: The evidence shows that Rajasthan faces significant challenges in providing clean cooking fuel to everyone, despite national progress. Key issues include:

1. Continued use of unclean fuels, especially in rural, tribal, and desert areas.
2. There is a large gap between rural and urban areas due to cost and infrastructure problems.
3. Unequal progress within the state, with marginalized groups still relying heavily on biomass.

This study provides a detailed look at individual districts, going beyond general statistics to show the variety in Rajasthan's shift to cleaner energy. This local view highlights that adopting clean energy is tied to social, economic, cultural, and environmental factors, requiring flexible and varied policy solutions.

From a policy perspective, it's clear that one-size-fits-all plans for Rajasthan won't work. Instead, strategies tailored to each district are needed. These should include help with the cost of fuel refills, better infrastructure, renewable energy options, and links to programs for women and tribal communities.

Future research should build on this descriptive analysis with studies that track changes over time and explore cause-and-effect relationships in household behavior. Understanding why people continue to use multiple types of fuel, the influence of cultural habits, and the long-term effects of financial support will be important. Additionally, qualitative studies on gender roles and community practices can add richer insights to quantitative surveys about adoption trends.

In summary, Rajasthan reflects both the successes and the limitations of India's clean energy efforts. While large programs have increased access, deep-rooted inequalities continue to leave many people behind. A more inclusive, district-focused, and sustainable approach is necessary to ensure that everyone gains access to clean cooking fuel.

References:-

1. Bajpayee, P. M., Mohanty, P. C., & Yadav, M. K. (2024). Breathing in danger: unveiling cooking fuel transitions in India and alarming effect of household air pollution on under-five children's health. *Journal of Biosocial Science*, 1. https://doi.org/10.1017/s002193202400035x.
2. Daví-Arderius, D., Obaco, M., &Pontarollo, N. (2023). Spillover Effects and Regional Determinants in the Ecuadorian Clean-Cooking Program: A Spatiotemporal Econometric Analysis. *SSRN Electronic Journal*. https://doi.org/10.2139/ssrn.4643776.
3. Farah, N., Siddiqui, S., Dilawaiz, D., &Touseef, M. (2023). Exploring Fuel Stacking And Clean Fuel Access In Rural Areas Of Pakistan: A Comprehensive Review [Review of *Exploring Fuel Stacking And Clean Fuel Access In Rural Areas Of Pakistan: A Comprehensive Review*]. *Journal of Survey in Fisheries Sciences*, 6716. Green Wave Publishing of Canada. https://doi.org/10.53555/sfs.v10i3.1557.
4. Gould, C., & Urpelainen, J. (2018). LPG as a clean cooking fuel: Adoption, use, and impact in rural India. *Energy Policy*, *122*, 395. https://doi.org/10.1016/j.enpol.2018.07.042.
5. Gould, C., Urpelainen, J., & SAIS, J. H. (2019). The role of education and attitudes in cooking fuel choice: Evidence from two states in India. *Energy Sustainable Development/Energy for Sustainable Development*, *54*, 36. https://doi.org/10.1016/j.esd.2019.09.003.
6. Gupta, A., Vyas, S., Hathi, P., Khalid, N., Srivastav, N., Spears, D., & Coffey, D. (2020). Persistence of Solid Fuel Use in Rural North India. *PubMed*, *55*(3), 55. https://pubmed.ncbi.nlm.nih.gov/38405178.
7. International Energy Agency. (2020). World energy outlook 2020. Paris: IEA.
8. Kelkar, G., & Nathan, D. (2021). Cultural and Economic Barriers in Switching to Clean Cooking Energy: Does Women's Agency Make a Difference? *Energies*, *14*(21), 7242. https://doi.org/10.3390/en14217242.
9. Kumar, P., Dhand, A., Tabak, R. G., Brownson, R. C., &Yadama, G. N. (2017). Adoption and sustained use of cleaner cooking fuels in rural India: a case control study protocol to understand household, network, and organizational drivers. *Archives of Public Health*, *75*(1). https://doi.org/10.1186/s13690-017-0244-2.
10. Malakar, Y. (2018). Studying household decision-making context and cooking fuel transition in rural India. *Energy Sustainable Development/Energy for Sustainable Development*, *43*, 68. https://doi.org/10.1016/j.esd.2017.12.006.
11. Mani, S., Jain, A., Tripathi, S., & Gould, C. (2020). Sustained LPG use requires progress on broader development outcomes. *Nature Energy*, *5*(6), 430. https://doi.org/10.1038/s41560-020-0635-4.
12. Narula, S. A., & Raj, S. P. (2023). *Sustainable Food Value Chain Development*. https://doi.org/10.1007/978-981-19-6454-1.
13. Vyas, S., Gupta, A., & Khalid, N. (2021). Gender and LPG use after government intervention in rural north India. *World Development*, *148*, 105682. https://doi.org/10.1016/j.worlddev.2021.105682.
14. Waleed, K., & Mirza, F. M. (2022). Examining fuel choice patterns through household energy transition index: an alternative to traditional energy ladder and stacking models. *Environment Development and Sustainability*, *25*(7), 6449. https://doi.org/10.1007/s10668-022-02312-8.
15. Waweru, D., Mose, N., & Otieno, S. (2022). Household energy choice in Kenya: An empirical analysis of the energy ladder hypothesis. Journal of Energy Research and Reviews, *10*(4), 12–19. https://papers.ssrn.com/sol3/papers.cfm?abstract_id=4072276.
16. World Health Organization. (2024, March 7). *Household air pollution and health*. World Health Organization. https://www.who.int/news-room/fact-sheets/detail/household-air-pollution-and-health.

17. Yadav, A. K., Nair, V. K., Viswanathan, P. K., Manoj, P. K., & Raman, R. (2024). Analyzing the journey and future trajectories of clean cooking research in India: a bibliometric analysis and case study research. *Discover Sustainability*, *5*(1). https://doi.org/10.1007/s43621-024-00779-1.

Table 4: Rural vs. Urban District-wise Unclean Cooking Fuel Usage

S.	District	Rural	Urban	S.	District	Rural	Urban	S.	District	Rural	Urban
1	Ganganagar	2.8	2.83	**12**	Jaipur	5.45	12.8	**23**	Bundi	2.19	2.23
2	Hanumangarh	2.84	5.72	**13**	Sikar	2.63	3.68	**24**	Bhilwara	2.93	3.78
3	Bikaner	2.7	0.66	**14**	Nagaur	4.65	4.24	**25**	Rajsamand	2.07	1.45
4	Churu	3.02	3.53	**15**	Jodhpur	3.9	5.3	**26**	Dungarpur	2.99	0.12
5	Jhunjhunun	2.28	5.14	**16**	Jaisalmer	1.18	0.38	**27**	Banswara	4.19	0.69
6	Alwar	5.71	4.97	**17**	Barmer	4.57	0.65	**28**	Chittaurgarh	2.99	3.22
7	Bharatpur	4.16	6.21	**18**	Jalor	3.35	1.43	**29**	Kota	1.4	3.76
8	Dhaulpur	1.85	1.93	**19**	Sirohi	1.5	1.42	**30**	Baran	2.09	0.78
9	Karauli	2.77	2.47	**20**	Pali	2.72	0.59	**31**	Jhalawar	2.64	1.52
10	Sawai Madhopur	2.39	3.17	**21**	Ajmer	2.95	3.81	**32**	Udaipur	5.52	3.88
11	Dausa	3.02	2.38	**22**	Tonk	2.56	4.75	**33**	Pratapgarh	1.99	0.51

Source: Author's calculations using NFHS-5 unit-level data, 2019–21

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

ग्रामीण महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता का अध्ययन (ग्राम –अमकुई, जिला सतना के विशेष संदर्भ में)

डॉ. राजेश त्रिपाठी* अमृतांशु मिश्रा**

* एसो. प्रोफेसर (समाजशात्र) म.गा.चि.ग्रा.वि.वि., चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (समाजशास्त्र) म.गा.चि.ग्रा.वि.वि., चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र में ग्रामीण महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता का अध्ययन किया गया है। जिसमें ग्रामीण महिलाओं के एक छोटे से ग्राम अमकुई को चुनकर महिलाओं की स्वास्थ्य जागरूकता का अवलोकन करके 50 महिलाओं का साक्षात्कार के माध्यम से एवं प्रश्न द्वारा तथ्य एकत्रित किए गए हैं। शोधार्थी द्वारा जानकारी प्राप्त करके तालिका बनाकर वर्गीकरण एवं विश्लेषण कर निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तावना – गाँव में अधिकांश महिलायें किस प्रकार से अनेक रोगों एवं पारिवारिक दबाव से पीड़ित रहती हैं। पीड़ित महिलाओं के समस्याओं के संबंध में अध्ययन किया जाना आवश्यक है ताकि गाँव में महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जाग्रत रहें और अपने शरीर को स्वस्थ बनायें तथा यदि परिवार के दबाव में महिला अपना कार्य कर रही हैं।वह महिलाएं अपने स्वासथ्य सम्बन्धित क्रिया–प्रतिक्रिया को नहीं समझ पाती हैं।

स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच – हमें अपने गाँव में इस बात का ध्यान देना चाहिए कि स्वास्थ्य की उपलब्ध सभी सुविधायें जैसे– दवाईयां, सुइयां गरीब एवं निर्धन व्यक्तियों तथा दलितों को मुफ्त में उपलब्ध करवा सकें।

गर्भवती महिलाओं के सम्बन्ध में – हम यह सुनिश्चित करें कि गाँव की गर्भवती महिलाओं के मेटरनिटी बेनिफट योजना या अन्य योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है या नहीं।

आँगनवाड़ी केन्द्र में पोषण आहार वितरण – गांव में यह प्रावधान है कि गांव में सभी बच्चों को आंगनवाड़ी में दलिया मिलना चाहिये। सभी साथ ही साथ यह भी प्रावधान है कि कुपोषण बच्चों को दुगना दलिया मिलना चाहिए। अगर यह नहीं हो रहा है तो उसे सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी हैं।

महिलाओं के साथ होने वाले व्यवहार – इतने अधिक काम और जिम्मेदारियाँ निभाने पर भी महिलाओं के द्वारा किये जाने वाले काम को काम नहीं समझा जाता। परिवार के जरिए किये जाने वाले किसी भी फैसले में उनकी राय नहीं ली जाती हैं, और नही उस महिला को परिवार के कमाने वाले और घर चलाने वाले सदस्य के रूप में माना जाता हैं।

शोध प्रारूप

समस्या का स्वरूप– ग्रामीण स्तर पर प्राय: महिलाओं की स्थिति प्रारम्भ से दयनीय बनी है। उन पर सुधार करने की अत्यन्त आवश्यकता है, वहाँ पर लड़का–लड़की में भेद किया जाता है, लड़को को जितनी सुविधायें एवं खान–पान पर जितना ध्यान दिया जाता है। उतना लड़कियों पर नही जिसके कारण उनके स्वास्थ्य हमेशा खराब बना रहता है।

क्षेत्र का चयन एवं परिचय– ग्राम अमकुई में सभी जातियों तथा धर्म के लोग निवास करते हैं। कृषि कार्य करने वाले मजदूर वर्ग भी तथा नौकरी पेशे वाले सभी वर्ग के लोग निवास करते हैं।

क्षेत्र की सामान्य जानकारी– ग्राम अमकुई म.प्र. के सतना जिले की नागौद तहसील में स्थित है यह नागौद से 20 किमी. दूर दक्षिण में स्थित है।

उद्देश्य:

1. ग्रामीण महिलाओं की सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों का अध्ययन करना।
2. महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के स्तर को मालूम करना।
3. गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का अध्ययन करना

शोध प्रविधि– अध्ययन हेतु ग्राम अमकुई से 50 महिला उत्तरदाताओं का चयन उद्देश्य पूर्ण निदर्शन विधि द्वारा किया गया है। उत्तरदाताओं के चयन में विभिन्न जाति, धर्म एवं आर्थिक परिस्थिति की महिलाओं के चयन पर विशेष ध्यान दिया गया। तथ्यों के संकलन हेतु एक अनुसूची का निर्माण किया गया है, इस अनुसूची को क्षेत्र में जाकर उत्तरदाताओं से संपर्क कर इसकी फील्ड टेस्टिंग की गई है।

तालिका क्रमांक–1: जाति के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	विकल्प	संख्या	प्रतिशत
1	सामान्य	11	22
2	पिछड़ा वर्ग	32	64
3	अनुसूचित जाति	07	14
	योग	**50**	**100**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि सर्वधिक 64 प्रतिशत उत्तरदाता पिछडा वर्ग से हैं 22 प्रतिशत सामान्य वर्ग और 14 प्रतिशत अनुसूचित जाति के पाये गये हैं।

तालिका क्रमांक–2: ग्रामीण महिलाओं की बीमारियों का वर्गीकरण

क्र.	विकल्प	संख्या	प्रतिशत
1	खांसी	22	44
2	यौन रोग	03	06
3	संक्रामक रोग	15	30
4	अन्य	10	20
	योग	**50**	**100**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि सर्वधिक 44 प्रतिशत उत्तरदाता खांसी रोग

से 30 प्रतिशत संक्रामक रोग से 6 प्रतिशत यौन रोग और 20 प्रतिशत अन्य रोग से पीड़ित हैं।

तालिका क्रमांक–3: स्वास्थ्य के उपचार के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	विकल्प	संख्या	प्रतिशत
1	घर में	12	24
2	स्वास्थ्य केन्द्र	37	76
	योग	**50**	**100**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि सर्वधिक 76 प्रतिशत उत्तरदाता स्वास्थ्य उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जाते हैं और 24 प्रतिशत उत्तरदाता गाँव में ही अपना उपचार करवाते हैं।

तालिका क्रमांक–4: प्रसव कराने के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	विकल्प	संख्या	प्रतिशत
1	घर में	6	12
2	स्वास्थ्य केन्द्र	44	88
	योग	**50**	**100**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि सर्वधिक 88 प्रतिशत उत्तरदाता प्रसव हेतु स्वास्थ्य केन्द्र जाते हैं और 12 प्रतिशत उत्तरदाता प्रसव घर में ही करवाते हैं।

अत: विश्लेषण से यह ज्ञात है कि गाँव के सर्वाधिक उत्तरदाता प्रसव स्वास्थ्य केन्द्र में करवाती हैं।

निष्कर्ष:

1. क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में पिछड़े वर्ग की महिलाएं अधिक प्रभावित पाई गई।
2. गाँव में यौन रोग से पीड़ित महिलाएं कम पाई गई।
3. गाँव में अधिकांश महिलाओं का मानना है कि वह अपना इलाज स्वास्थ्य केंद्र पर करवाती हैं।
4. गाँव की अधिकांश महिलाओं का कहना है कि वह अपना प्रसाद स्वास्थ्य केंद्र पर करवाती हैं।

सुझाव:

1. गाँव में पिछड़े एवं अनुसूचित जाति की महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है।
2. कृषि कार्य में कार्यरत एवं मजदूरी करने वाली महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की विशेष आवश्यकता है।
3. गाँव में महिला स्वास्थ्य हेतु विशेष योजना चलाई जाने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. डॉ. गणेश पाण्डेय–सामाजिक समस्यायें।
2. डॉ. अखिलेश एस. परिहार कल्याण गायत्री पब्लिकेशन, रीवा, म.प्र.।
3. डॉ. आशु रानी – महिला विकास कार्यक्रम।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

जन्मकुण्डली में शिक्षाविद् एवं प्रोफेसर बनने के योग – एक अध्ययन

महामहोपाध्याय डॉ. गोविन्द गन्धे* डॉ. कुलदीप श्रीवास्तव**

* शोध निर्देशक, कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन (म.प्र.) भारत
**सेवानिवृत्त वरिष्ठ चिकित्साधिकारी एवं ज्योतिषाचार्य, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – ज्योतिष शास्त्र के मान्य सिद्धांतों द्वारा व्यवसाय चयन में सहायता प्राप्त होती है। इस अध्ययन का उद्देश्य जन्मकुण्डली द्वारा व्यवसाय चयन के सिद्धांतों की व्यवहारिकता प्रमाणित करना है। इस अध्ययन में महाविद्यालय के प्राध्यापकों की कुण्डलियों का अध्ययन एवं विश्लेषण किया गया है। इन कुण्डलियों के विश्लेषण से पाया गया है कि शिक्षा, ज्ञान के कारक ग्रहों एवं भावों का अत्यधिक प्रभाव इस व्यवसाय की सफलता में पड़ता है। शिक्षाविदों व प्राध्यापकों में गुरू ग्रह, शुक्र ग्रह तथा पंचमेश, नवमेश का बली होना आवश्यक होता है। इनका दशम् व्यवसाय भाव से भी सम्बन्ध होता है।

प्रस्तावना – ज्योतिर्विज्ञान प्राचीनकाल में एक स्थापित विद्या रही है तथा उसका उपयोग, खगोलीय घटनाओं को समझने तथा उनके प्रभाव से जनमानस को भविष्य की घटनाओं के शुभाशुभ बताने के लिये किया जाता था। वर्तमाान में इसके पुर्नस्थापन की आवश्यकता है ताकि भविष्य में पूर्वानुमान से, जनसाधारण भविष्य की योजनायें बना सकें।

वर्तमान में हर किसी को, अपने एवं परिवार के जीवनयापन हेतु कुछ न कुछ व्यवसाय करना होता है। विद्याध्ययन काल में ही यह मार्गदर्शन प्राप्त हो जाये कि किस व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी तो जीवन में सफलता की संभावना बढ़ जाती है।

ज्योतिषशास्त्र में, कारक भावों, कारक ग्रहों तथा विभिन्न ग्रहयोगों से व्यवसाय की प्रकृति का निर्धारण निर्देशित कियाहै। व्यवसाय किसप्रकार काहोगा, यह निर्णय व्यवसाय कारकग्रहों के स्वरूप, ग्रहबलआदि एवं व्यवसाय भाव के भावेशों पर निर्भर करता है, जो ग्रह बलवान होकर लग्न, लग्नेश एवं अन्य आजीविका के स्वरूप अथवा प्रकार को प्रदर्शित करने वाला होता है, उसी के अनुसार व्यवसाय निर्धारित होताहै।

बृहतपाराशरहोराशास्त्र में अथ वृत्ति निर्णयाध्याय में,

लग्नादिन्दोश्च दशमं प्रबलं वृत्तिदायकम्।
तदिशात् तत्रगात् खेटात्तदंशेशाच्च चिन्तयेत्।।
तद्दृष्टुश्च तद्राशे: स्वाभावोत्थं वदेत्पुमान्।
तेषां वृद्ध्या भवेद् वृद्धिरन्यथान्यत् फलं स्मृतम्।।[1]

उक्त उल्लेखित श्लोकों में बलवान लग्न या चन्द्रमा से दशम स्थान से मनुष्य की जीविका एवं व्यवसाय का विचार करने का लेख है।

इसी प्रकार विचारणीय दशम भाव में स्थित राशि, दशमेश, दशमगत्, नवांशेश ग्रह, दशमस्थ ग्रह इनमें से बलवान ग्रह या राशि के स्वभाव अनुसार व्यक्ति की वृत्ति कहें। यदि उक्त राशि या ग्रह बलवान हो तो उत्तम व्यवसाय फल तथा मध्यम बली हो तो मध्यम फल तथा साधारण या हीन बली हो तो क्रमश: साधारण या नाममात्र फल कहें।

इसी आशय का फलादेश श्रीकल्याण वर्मा विरचित सारावली के कर्मचिन्ताध्याय के निम्न श्लोकों में भी उल्लेखित है,

लग्नाद्दशमे राशौ कर्मफलं यत्प्रकीर्तितं मुनिभि:।
राशिग्रहणस्वभावैर्ग्रहदृष्ट्या तदहमपि वक्ष्ये।।
होरेन्द्वोर्बलयोगाद्यो दशमस्तत्भावजं कर्म।
तस्याधिपपरिवृद्ध्या वृद्धिर्ज्ञेयाऽन्यथा हानि:।।[2]

श्रीवैद्यनाथ विरचित जातक पारिजात के दशम भाव फल में निम्नलिखित श्लोक में,

आज्ञामानविभूषणानि वसनव्यापारनिद्राकृषि –
प्रव्रज्यागमकर्मजीवनयशोविज्ञानविद्या: क्रमात्।
कर्मस्वामिदिनेशबोधनगुरुच्छायासुतैश्चिन्तये –
दुक्तानि प्रविहाय पूर्वमशुभे मानी विमानो भवेत्।।[3]

उक्त श्लोक में दशमेश, सूर्य, बुध, गुरु और शनि से निम्नलिखित बातों का विचार करना चाहिये :–

आज्ञा, सम्मान, भूषण, वस्त्र, व्यापार, निद्रा, खेती–बाड़ी, प्रव्रज्या, आगम, कर्म या कार्य, जीवन निर्वाह, यश, विज्ञान, विद्या, इन सब का क्रम से विचार करें।

इसके अतिरिक्त शिक्षा विद् के लिए पंचमेश एवं नवमेश का दशमेश, धनेश व लाभेश से सम्बन्ध होना भी वांछनीय होता है।

उद्देश्य – ज्योतिषशास्त्र के अनेकानेक उपयोगों में से एक महत्वपूर्ण उपयोग व्यवसाय चयन में सहायता प्रदान करना भी है। वर्तमान में कैरियर मार्गदर्शन एवं परामर्श का प्रचलन है। कैरियर मार्गदर्शन करते समय यदि फलित ज्योतिषशास्त्र के सिद्धान्तों के अनुसार व्यवसाय के विषय का चुनाव किया जाये तो व्यक्ति विशेष की सफलता के अवसर बढ़ जाते हैं।

प्रस्तुत शोधपत्र मेंज्योतिषशास्त्र की इस उपयोगिता को दृष्टिगत् कोरखतेहुए **'जातक की कुण्डली में शिक्षाविद् एवं प्रोफेसर बनने के योग का अध्ययन'** किया गयाहै।

प्रविधि– उक्त अध्ययन के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई गई :

1. सर्वप्रथम प्राध्यापकों एवं शिक्षाविदों की नौ कुण्डलियों का संग्रह किया गया।
2. प्रत्येक कुण्डली का अध्ययन एवं विश्लेषण किया गया –

ज्योतिषशास्त्र में शिक्षाविद् एवं प्रोफेसर के व्यवसाय चयन में सहायक विभिन्न ग्रह योगों का अध्ययन किया गया तथा उन ग्रह योगों के परिप्रेक्ष्य में समस्त कुण्डलियों का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया।

3. प्रत्येक कुण्डली से प्राप्त निष्कर्ष एवं उनका विश्लेषण सामूहिक रूप से किया गया।
4. विश्लेषण करने के उपरांत निष्कर्षों का निर्धारण किया गया।

विश्लेषण एवं निष्कर्ष–जातक की कुण्डली में शिक्षाविद् एवं प्रोफेसर बनने के योग के अध्ययन का निष्कर्ष– शिक्षा के क्षेत्र में कई प्रकार के तकनीकी एवं गैर तकनीकी, मानविकी आदि विभिन्न विधाओं का विकास हो गया है जिसमें कई प्रकार की योग्यताओं वाले प्राध्यापक अथवा शिक्षकों की आवश्यकता होती है। उक्त अध्ययन में नौ प्राध्यापकों एवं शिक्षाविदों की कुण्डलियों का अध्ययन किया गया, जिसमें निम्नांकित प्रकार के ग्रह योगों एवं कारकों का पाया जाना सुनिश्चित हुआ:

1. अध्ययन के लिए चयनित कुण्डलियों में गुरु और शुक्र जो दोनों शिक्षा से सम्बन्ध रखते हैं, उनका प्रभाव सभी कुण्डलियों में पायागया एवं यह ग्रह बली पाये गये।
2. बुध वाणी एवं बुद्धि का कारक ग्रह है। प्राध्यापकों की कुण्डलियों में से पॉच कुण्डलियों में बुधादित्य योग पाया गया एवं अन्य में धनेश, लाभेश अथवा पंचमेश से संबंध पाया गया।
3. शुक्र, गुरु के साथ सम्बन्ध बनाता हो तथा लग्न, लग्नेश, पंचम एवं पंचमेश से भी संबंध हो या प्रभाव डालता हो तो प्राध्यापक बनाता है यह पुष्टि भी कुण्डलियों के अध्ययन से हुई है।
4. विद्या स्थान का स्वामी अर्थात् पंचमेश की नौ मे से छः कुण्डलियों में धन स्थान, पराक्रम स्थान, दशम स्थान एवं लाभ स्थान से युति अथवा संबंध किसी न किसी रूप में पाया गया। अतः विद्या व्यवसाय से आय प्राप्ति का योग बना।
5. यदि कर्म भाव अथवा दशम भाव का संबंध गुरु, बुध, शुक्रसात कुण्डलियों में पाया गया एवं अन्य दो कुण्डलियों में लग्न अथवा लग्नेश से संबंध पाया गया।

उपसंहार – भारतीय ज्योतिषशास्त्र मानव के भाग्य, भविष्य, आयु, सन्तान तथा जीवन में घटने वाली घटनाओं की जानकारी देने वाला ऐसा विज्ञान है, जिसे हजारों वर्षों से मान्यता प्राप्त है। वर्तमान में भी दिन प्रतिदिन ज्योतिषशास्त्र में लोकाभिरुचि की वृद्धि हो रही है। नवीन शिक्षा–दीक्षा से सम्पन्न नवयुवक, समुदाय भी दिनानुदिन ज्योतिषशास्त्र की ओर आकृष्ठ हो रहा है।

फलित ज्योतिष में ग्रहों का फल विचारने के लिये ग्रहस्पष्ट, भावस्पष्ट, ग्रहबल, ग्रहस्थिति आदि जानकर ग्रहों के गुण, धर्म, दृष्टि, स्थान आदि अनेक बातों पर पूर्णरुप से विचार कर ग्रहों की स्थिति आदि द्वारा बनने वाले अनेक योगों पर ध्यान देकर, देश, काल, अवस्था के अनुसार फलादेश किया जाता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनेकानेक उपयोगों में एक उपयोग व्यवसाय चयन में सहायता प्रदान करना भी है। वर्तमान में कैरियर मार्गदर्शन एवं परामर्श का प्रचलन है।कैरियर मार्गदर्शन करते समय यदि फलित ज्योतिषशास्त्र के सिद्धान्तों के अनुसार व्यवसाय के विषय का चुनाव किया जाये तो व्यक्ति विशेष की सफलता के अवसर बढ़ जाते हैं।

प्रस्तुत अध्ययन व्यवसायों के चयन से संबंधित है, इसमें शिक्षा व्यवसाय को आधार बनाकर उससे सम्बन्धित ज्योतिषीय योगों का विवेचन किया गया है। इसी को आधार बनाकर अन्य व्यवसायों के लिए भी उन व्यवसायों से संबंधित ज्योतिषीय अध्ययन कर हम विद्यार्थियों की कुण्डलियों का अध्ययन कर उनको यह परामर्श उपलब्ध करा सकते हैं कि किस जातक को कौन सा व्यवसाय अपनाना चाहिये।

संदर्भ ग्रन्थों की सूची :–

1. बृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्, पाराशर डॉ. सुरेशचन्द्र मिश्र, रंजन पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली 2008.
2. श्रीमत्कल्याणवर्म–विरचरिता सारावली, डॉ. मुरलीधर चतुर्वेदी, मोतीलाल बनारसीदास इंटरनेशनल, नई दिल्ली, 2025.
3. जातकपारिजातः, वैद्यनाथ पण्डित गोपेश कुमार ओझा, मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी 2008.
4. बृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्, पाराशर डॉ. सुरेशचन्द्र मिश्र, रंजन पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली 2008.
5. भारतीय ज्योतिष, डॉ. नेमिचन्द्र शास्त्री, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली 2008.
6. लघुपाराशरी, पाराशर डॉ. सुरकान्त झा, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी 2007.
7. जातकाभरणम्, दुण्डिराज श्री सीताराम झा, ठाकुर प्रसाद पुस्तक भंडार, वाराणसी 1982.
8. सचित्र ज्योतिष–शिक्षा, बी0एल0 ठाकुर, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1998.
9. भृगु संहिता महाशास्त्र, आचार्य भृगु पण्डित केवल आनन्द जोशी, राधा पॉकेट बुक्स, मेरठ, 1998.
10. चमत्कार चिन्तामणिः, भट्टनारायण ब्रजबिहारीलाल शर्मा, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1994.
11. ग्रह–फल चन्द्रिका, जगदीश पण्डित, सुमित प्रकाशन, आगरा, 1991.
12. फलदीपिका, श्री गोपेश कुमार ओझा, मोतीलाल बनारसीदास, नई दिल्ली, 2015.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

स्वापक औषधी और पुलिस प्रशासन की भूमिका

मनुदेव पाटीदार* डॉ. बालासाहेब गर्जे**

* शोधार्थी, पी.के. विश्वविद्यालय, शिवपुरी (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (लॉ) पी.के. विश्वविद्यालय, शिवपुरी (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – स्वापक औषधी और पुलिस प्रशासन मादक पदार्थों के निर्माण, वितरण और उपयोग को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुलिस प्रशासन मादक पदार्थों की तस्करी और उपयोग के मामलों की जांच करता है, मादक पदार्थों को जब्त करता है और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करता है। इसके अलावा, पुलिस प्रशासन जागरूकता बढ़ाने और शिक्षा प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे लोगों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी मिल सके। प्रभावी पुलिसिंग और सामुदायिक सहयोग से मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने और समुदाय की सुरक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। सामुदायिक सहयोग से प्रभावित व्यक्तियों को पुनर्वास और समर्थन प्रदान करने में भी सहायता मिलती है। नारकोटिक्स एक्ट का प्रभावी क्रियान्वयन और पुलिस प्रशासन की सक्रिय भूमिका समाज को मादक पदार्थों के खतरों से बचाने में महत्वपूर्ण साबित होती है। एक समग्र दृष्टिकोण अपनाकर हम मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में सफल हो सकते हैं और एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं। यह सामूहिक प्रयास समाज के सभी वर्गों के लिए सुरक्षा और कल्याण को बढ़ावा देगा। मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में पुलिस और समुदाय का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

शब्द कुंजी –स्वापक औषधी, एनडीपीएस निषेध।

प्रस्तावना – स्वापक औषधी के खिलाफ लड़ाई में पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुलिस प्रशासन स्वापक औषधी की तस्करी और उपयोग के मामलों की जांच करता है, अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करता है और मादक पदार्थों को जब्त करता है। पुलिस जागरूकता बढ़ाने और शिक्षा प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे लोगों को नार्कोटिक ड्रग्स के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी मिल सके। प्रभावी पुलिसिंग और सामुदायिक सहयोग से नार्कोटिक ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में सफलता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस और समुदाय के संयुक्त प्रयास से नार्कोटिक ड्रग्स के दुरुपयोग को रोकने और प्रभावित व्यक्तियों को समर्थन प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है, जिससे एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण होता है। इस प्रकार, पुलिस की सक्रिय भूमिका और सामुदायिक सहयोग से हम नार्कोटिक ड्रग्स के खतरों से निपट सकते हैं और समाज को सुरक्षित बना सकते हैं। यह सामूहिक प्रयास न केवल नार्कोटिक ड्रग्स के दुरुपयोग को कम करेगा, बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिए सुरक्षा और कल्याण को भी बढ़ावा देगा।

साहित्य समीक्षा

- **मादक पदार्थों की तस्करी: एक गंभीर समस्या राजीव एस. घिरनिकर** द्वारा लिखित इस लेख में मादक पदार्थों की तस्करी की समस्या पर चर्चा की गई है। मादक पदार्थों की तस्करी एक अवैध व्यापार है जिसमें मादक पदार्थों को एक राज्य से दूसरे राज्य या देश में तस्करी की जाती है। यह समस्या न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि यह समाज और देश की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है।

मादक पदार्थों की तस्करी एक जटिल समस्या है जिसमें आर्थिक और सामाजिक कारक शामिल हैं। अपराधी नेटवर्क मादक पदार्थों की तस्करी के लिए नए और नवीन तरीकों का उपयोग करते हैं। मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए कानूनी एजेंसियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत कानूनी एजेंसियों को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सशक्त बनाया गया है।

- **भारती ठाकुर और नीरू मित्तल के विश्लेषण में भारत के नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम 1985** को उजागर किया गया है, जो नशीली दवाओं को नियंत्रित करता है और चिकित्सा उपयोग के लिए सख्त प्रावधानों के तहत अनुमति देता है। यह अधिनियम साइकोट्रोपिक दवाओं की ओवर-द-काउंटर बिक्री को प्रतिबंधित करता है, उल्लंघन के लिए दंड लगाता है, और नियंत्रण और दंड को बढ़ाने के लिए संशोधित किया गया है, जो चिकित्सा महत्व और सख्त नियमन के बीच संतुलन बनाता है।

स्वापक औषधी में पुलिस की भूमिका के उद्देश्य हैं:

1. स्वापक औषधी की तस्करी और उपयोग को रोकना।
2. अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करना और मादक पदार्थों को जब्त करना।
3. जागरूकता बढ़ाना और शिक्षा प्रदान करना।
4. समुदाय की सुरक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना।
5. स्वापक औषधी के दुरुपयोग के मूल कारणों को समझना और उन्हें संबोधित करना।
6. प्रभावित व्यक्तियों को पुनर्वास और समर्थन प्रदान करना।

साहित्यक परिकल्पना – स्वापक औषधी दुरुप्रयोग नियंत्रण में पुलिस

की भूमिका को और मजबूत बनाने से स्वापक औषधियों के दुरुप्रयोग में कमी आएगी। पुलिस की सक्रियता और सामुदायिक सहयोग से स्वापक औषधियों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और इसके दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जानकारी मिलेगी, जिससे समाज में स्वापक औषधियों के दुरुप्रयोग को कम करने में मदद मिलेगी।

स्वापक औषधि क्या है?

स्वापक औषधि (या नारकोटिक औषधि) का अर्थ है एक ऐसा पदार्थ जो शरीर में जाने पर व्यक्ति की सामान्य कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है और नींद उत्पन्न कर सकता है. ये मनोसक्रिय पदार्थ होते हैं, जिनका सेवन करने पर व्यक्ति की चेतना और गतिविधियों में बदलाव आता है, या नींद आती है, या फिर शरीर के अंगों की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।

नारकोटिक ड्रग एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस एक्ट) के अनुसार:

1. नारकोटिक ड्रग की परिभाषा: एनडीपीएस एक्ट की धारा 2(xiv) के अनुसार, 'नारकोटिक ड्रग' का अर्थ है:

1. कोका पत्ता
2. कैनाबिस (भांग)
3. अफीम
4. पोस्ता चारा,और इसमें सभी निर्मित दवाएं भी शामिल हैं।

2. साइकोट्रोपिक सब्सटेंस की परिभाषा: एनडीपीएस एक्ट की धारा 2(xxiii) के अनुसार, 'साइकोट्रोपिक सब्सटेंस' का अर्थ है:

कोई भी पदार्थ, प्राकृतिक या सिंथेटिक, या कोई प्राकृतिक सामग्री या उस पदार्थ या सामग्री का कोई नमक या तैयारी जो साइकोट्रोपिक पदार्थों की सूची में शामिल है।

एनसीबी – नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो भारत में नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों से निपटने वाली एक कानून प्रवर्तन एजेंसी है। इस ब्यूरो की स्थापना 1988 में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 के तहत की गई थी। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। ब्यूरो का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों को रोकने के लिए नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 और अन्य संबंधित कानूनों के प्रावधानों को लागू करना है।

ब्यूरो का नेतृत्व एक महानिदेशक करता है, जो भारतीय पुलिस सेवा का एक अधिकारी होता है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में लगभग 500 कर्मचारी हैं, जिनमें नारकोटिक्स नियंत्रण अधिकारी, नारकोटिक्स अन्वेषक, नारकोटिक्स विश्लेषक और प्रशासनिक कर्मचारी शामिल हैं। ब्यूरो पाँच क्षेत्रीय कार्यालयों में विभाजित है, जो मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली और गुवाहाटी में स्थित हैं।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) का सदस्य है। यह दक्षिण एशियाई नारकोटिक्स नियंत्रण आयोग (एसएएनएसीसी) का भी हिस्सा है, जो एक क्षेत्रीय निकाय है जिसमें सात सदस्य देश शामिल हैंरू भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और अफगानिस्तान।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के कार्य निम्नलिखित हैं:

1. मादक दवाओं और मन: प्रभावी पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकना है – एनसीबी मादक दवाओं और मन: प्रभावी पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए काम करती है। इसमें तस्करी के मार्गों की पहचान करना, तस्करों को पकड़ना और उनके खिलाफ कार्रवाई करना शामिल है।

2. मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी एकत्र करना और उसका विश्लेषण करना – एनसीबी मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी एकत्र करती है और उसका विश्लेषण करती है। इससे तस्करी के तरीकों और तस्करों के नेटवर्क को समझने में मदद मिलती है।

3. मादक पदार्थ विरोधी अभियान चलाना – एनसीबी मादक पदार्थ विरोधी अभियान चलाती है, जिसमें तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करना, मादक पदार्थों को जब्त करना और तस्करी के नेटवर्क को तोड़ना शामिल है।

4. मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने में राज्य और केंद्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रयासों का समन्वय करना – एनसीबी राज्य और केंद्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय करती है ताकि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

5. मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए कानून प्रवर्तन कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करना – एनसीबी कानून प्रवर्तन कर्मियों को मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करती है, जिससे वे तस्करी के मामलों में प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सकें।

6. मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए कड़े कानून बनाने की वकालत करना – एनसीबी मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए कड़े कानून बनाने की वकालत करती है, जिससे तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा सके और मादक पदार्थों की तस्करी को रोका जा सके।इन कार्यों के माध्यम से, एनसीबी मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने और समाज को सुरक्षित बनाने के लिए काम करती है।

एनसीबी की शक्तियां – नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन एक ब्यूरो है। एनसीबी का प्राथमिक उद्देश्य 1985 के नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट को लागू करना है। एनसीबी नारकोटिक्स नियंत्रण के लिए भारत और विदेशों में अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ संपर्क और समन्वय का भी काम करता है।

1. मादक दवाओं और मन: प्रभावी पदार्थों को जब्त करना – एनसीबी को मादक दवाओं और मन: प्रभावी पदार्थों को जब्त करने की शक्ति प्राप्त है। जब एनसीबी को किसी मादक पदार्थ की तस्करी की जानकारी मिलती है, तो वे उस पदार्थ को जब्त कर सकते हैं और अपराधी के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं।

2. बिना वारंट के अपराधियों को गिरफ्तार करना – एनसीबी को बिना वारंट के अपराधियों को गिरफ्तार करने की शक्ति प्राप्त है। यदि एनसीबी के पास किसी व्यक्ति के मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का पर्याप्त सबूत है, तो वे उस व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार कर सकते हैं।

3. बिना वारंट के किसी भी परिसर में प्रवेश करना और तलाशी लेना – एनसीबी को बिना वारंट के किसी भी परिसर में प्रवेश करने और तलाशी लेने की शक्ति प्राप्त है। यदि एनसीबी के पास किसी परिसर में मादक पदार्थों की तस्करी की जानकारी है, तो वे उस परिसर में प्रवेश कर सकते हैं और तलाशी ले सकते हैं।

4. किसी भी वाहन को रोककर उसकी तलाशी लेना – एनसीबी को किसी भी वाहन को रोककर उसकी तलाशी लेने की शक्ति प्राप्त है। यदि एनसीबी के पास किसी वाहन में मादक पदार्थों की तस्करी की जानकारी है, तो वे उस वाहन को रोक सकते हैं और उसकी तलाशी ले सकते हैं।

5. **किसी भी ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार करना जिसने स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के अंतर्गत दंडनीय अपराध किया हो –** एनसीबी को किसी भी ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार करने की शक्ति प्राप्त है जिसने स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के अंतर्गत दंडनीय अपराध किया हो। यह शक्ति एनसीबी को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में मदद करती है।

6. **स्वापक औषधियों और मन: प्रभावी पदार्थों के परिवहन का व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों से दस्तावेजों की मांग –** एनसीबी स्वापक औषधियों और मन: प्रभावी पदार्थों के परिवहन का व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों से संबंधित दस्तावेजों की मांग कर सकती है। इससे एनसीबी को यह जानने में मदद मिलती है कि क्या व्यक्ति के पास आवश्यक अनुमति और दस्तावेज हैं या नहीं।

7. **वाहनों में पाए गए मादक पदार्थों को जब्त करना –** यदि एनसीबी किसी वाहन में मादक पदार्थ पाती है, तो वह उन्हें जब्त कर सकती है। इससे एनसीबी मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने में मदद कर सकती है और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है।

8. **मादक पदार्थों के नमूने लेना –** एनसीबी मादक पदार्थों के नमूने ले सकती है ताकि उनकी जांच की जा सके और यह पता लगाया जा सके कि वे वास्तव में मादक पदार्थ हैं या नहीं। इससे एनसीबी को मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में कार्रवाई करने में मदद मिलती है।

9. **व्यक्तियों से जांच के लिए मादक पदार्थ प्रस्तुत करने की अपेक्षा करना –** एनसीबी किसी भी व्यक्ति से जांच के लिए मादक पदार्थ प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकती है। इससे एनसीबी को यह जानने में मदद मिलती है कि व्यक्ति के पास मादक पदार्थ हैं या नहीं और यदि हां, तो क्या उनके पास इसके लिए आवश्यक अनुमति है या नहीं।

10. **मादक पदार्थों के अवैध व्यापार की रोकथाम के लिए कार्रवाई करना –** एनसीबी मादक पदार्थों के अवैध व्यापार की रोकथाम के लिए कार्रवाई कर सकती है। इसमें मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करना और मादक पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए आवश्यक उपाय करना शामिल है।

11. **स्वापक औषधियों और मन: प्रभावी पदार्थों के विनाश के लिए आवश्यक उपाय करना –** एनसीबी स्वापक औषधियों और मन: प्रभावी पदार्थों के विनाश के लिए आवश्यक उपाय कर सकती है। इससे मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने में मदद मिलती है और समाज को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से बचाया जा सकता है।इन शक्तियों और जिम्मेदारियों के साथ, एनसीबी मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और समाज को सुरक्षित बनाने में मदद करती है।

12. **मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम –** एनसीबी मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय करती है। इसमें जागरूकता अभियान चलाना, मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देना और लोगों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने के लिए प्रेरित करना शामिल है।

13. **नशे के आदी लोगों के उपचार और पुनर्वास –** एनसीबी नशे के आदी लोगों के उपचार, पुनर्वास और सामाजिक पुन: एकीकरण के लिए आवश्यक उपाय करती है। इसमें नशे के आदी लोगों को उपचार और पुनर्वास केंद्रों में भेजना और उन्हें समाज में पुन: एकीकृत करने में मदद करना शामिल है।

14. **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग –** एनसीबी मादक पदार्थ नियंत्रण में संयुक्त राष्ट्र और उसकी एजेंसियों के साथ सहयोग करती है। इससे एनसीबी को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक स्तर पर सहयोग करने में मदद मिलती है।

15. **केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित कार्य –** एनसीबी ऐसे अन्य कार्य करती है जो केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते हैं। इससे एनसीबी को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लड़ाई में अपनी भूमिका निभाने में मदद मिलती है और समाज को सुरक्षित बनाने में मदद मिलती है।

एनसीबी का मिशन – नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) भारत में मादक पदार्थों की तस्करी से लड़ने के लिए जिम्मेदार एक सरकारी एजेंसी है। एनसीबी का मिशन 'भारत में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकना और वैध दवाओं के इस्तेमाल पर नियंत्रण रखना' है। एनसीबी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सीमा शुल्क विभाग और खुफिया ब्यूरो जैसी अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करता है।

स्वापक औषधी के दुरुप्रयोग को नियंत्रित करने के लिए पुलिस निम्नलिखित कदम उठा सकती है:

1. **जागरूकता अभियान चलाना –** पुलिस स्वापक औषधियों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चला सकती है, जिससे लोगों को इसके खतरों के बारे में पता चले और वे इसके दुरुप्रयोग से बच सकें।

2. **मादक पदार्थों की तस्करी को रोकना –** पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई कर सकती है, जिसमें तस्करों को पकड़ना और मादक पदार्थों को जब्त करना शामिल है।

3. **अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करना –** पुलिस स्वापक औषधियों के दुरुप्रयोग में शामिल अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकती है, जिसमें उन्हें गिरफ्तार करना और उनके खिलाफ मुकदमा चलाना शामिल है।

4. **सामुदायिक सहयोग बढ़ाना –** पुलिस सामुदायिक सहयोग बढ़ाने के लिए काम कर सकती है, जिसमें लोगों को स्वापक औषधियों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देना और उन्हें इसके दुरुप्रयोग के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित करना शामिल है।

5. **पुनर्वास और उपचार केंद्रों के साथ सहयोग करना –** पुलिस पुनर्वास और उपचार केंद्रों के साथ सहयोग कर सकती है, जिसमें नशे के आदी लोगों को उपचार और पुनर्वास के लिए भेजना और उन्हें समाज में पुन: एकीकृत करने में मदद करना शामिल है।

6. **मादक पदार्थों की बिक्री और वितरण पर निगरानी रखना –** पुलिस मादक पदार्थों की बिक्री और वितरण पर निगरानी रख सकती है, जिसमें अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना शामिल है।

7. **स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम चलाना है –** पुलिस स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम चला सकती है, जिसमें छात्रों को स्वापक औषधियों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देना और उन्हें इसके दुरुप्रयोग से बचने के लिए प्रेरित करना शामिल है।

इन कदमों के माध्यम से, पुलिस स्वापक औषधी के दुरुप्रयोग को

नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है और समाज को सुरक्षित बनाने में मदद कर सकती है।

निष्कर्ष – स्वापक औषधी दुरुप्रयोग नियंत्रण में पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुलिस प्रशासन स्वापक औषधियों के अवैध व्यापार को रोकने, अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने और मादक पदार्थों को जब्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके अलावा, पुलिस जागरूकता बढ़ाने और शिक्षा प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे लोगों को स्वापक औषधियों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी मिल सके और वे इसके खतरों से बच सकें।

प्रभावी पुलिसिंग और सामुदायिक सहयोग से स्वापक औषधी दुरुप्रयोग को रोकने और समाज को सुरक्षित बनाने में मदद मिल सकती है। जब पुलिस और समुदाय मिलकर काम करते हैं, तो वे मादक पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने और अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने में अधिक प्रभावी हो सकते हैं।

इसके अलावा, पुलिस की भूमिका न केवल मादक पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने में है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करने में है कि समाज में मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़े और लोग इसके खतरों से बचने के लिए प्रेरित हों। इस प्रकार, पुलिस की भूमिका स्वापक औषधी दुरुप्रयोग नियंत्रण में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में कार्य करती है, जो समाज को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने में मदद करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. टैक्समैन का नार्कोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक सब्सटेंस कानून बिद्युत कुमार बनर्जी।
2. नार्कोटिक्स ड्रग्स और साइकोट्रोपिक सब्सटेंस कानून के एम शर्मा और एस पी मागो।
3. नार्कोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक सब्सटेंस कानून बिद्युत कुमार बनर्जी और श्रीनिवासन गोपाल।
4. व्हाइट्समैन का नार्कोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 पर टिप्पणी योगेश वी नैय्यर।
5. नार्कोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक सब्सटेंस: समस्या और कानून की समझ डॉ. श्रद्धा पांडे।
6. कस्टम्स एक्ट, 1962 पी एल मलिक।
7. भारतीय न्याय संहिता, 2023 डी गौर।
8. भारतीय न्याय संहिता, 2023 बसंती लाल बाबेल।
9. समाचार पत्र और पत्रिका स्रोत: दैनिक भास्कर, टाइम्स ऑफ इंडिया, पत्रिका।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मुक्त शिक्षा में माध्यमिक स्तर के शिक्षार्थियों की सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीक सम्बन्धी समस्याओं एवं सुझावों का अध्ययन

डॉ. दिनेश कुमार*

*ऐसोसिएट प्रोफेसर (शिक्षाशास्त्र) गुलाब देवी महिला स्नातकोत्तार महाविद्यालय, बलिया (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – अनेक शहरी अथवा ग्रामीण बालक आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं और अर्थोपार्जन में लग जाते हैं अथवा सामाजिक, पारिवारिक या व्यक्तिगत समस्याओं के कारण अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते है। शहरी अथवा ग्रामीण अंचल की अनेक बालिकाएं घर के काम–काज, शादी या सामाजिक बन्धनों के कारण से अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाती हैं। इन वर्गों के अनेक बच्चे अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं। ऐसे बालकों और बालिकाओं के लिए मुक्त या दूरस्थ शिक्षा एक स्वर्णिम अवसर प्रदान कर रही है। इस शिक्षा पद्धति में प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर पर राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान की भूमिका उल्लेखनीय है।इसमे प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक स्तर तक की सामान्य व व्यावसायिक पाठ्यक्रम की शिक्षा, शिक्षार्थियों की सुविधा व आवश्यकता के अनुरूप प्रदान की जाती है। यहां माध्यमिक पाठ्यक्र के शिक्षार्थियों कोसूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकि सेहोने वाली समस्याओं एवं उन समस्याओं के समाधान हेतु सुझावों का अध्ययन प्रस्तुत है।

अध्ययन की आवश्यकता – औपचारिक शिक्षा के विकल्प एवं पूरक के रूप में उभरी यह शिक्षा पद्धति आज के युवाओं में अपनी लोक प्रियता स्थापित करते हुए प्राथमिक स्तर से उच्च शिक्षा स्तर तक विस्तृत रूप में फैली हुई है। इसके अन्तर्गत सामान्य एवं व्यावसायिक दोनों प्रकार के पाठ्यक्रम चलते हैं। दोनों ही क्षेत्रों में अनेक अध्ययन सम्पादित हो चुके हैं।गौतम(1990), सिंह(1983), साहू(1985), बालसुब्रामण्यम (1986), सुदामें एवं पुगाजहेन्ती(1986), यू.जी.सी. (1986), सिंह, मल्लिक एवं चौधरी(1994), राठौर(1993), राना(1994), श्रीवास्तव(1995), मुछाल(2006), सत्यवीर(2006), विश्नोई (2008), कुमार(2010) आदि सम्पन्न किये गये।क्योकि व्यावसायिक पाठ्यक्रम के क्षेत्र में नित नये क्षेत्र व पाठ्यक्रम जुडते जा रहे हैं चाहे वह लघु कालिक हो या फिर दीर्घकालिक पाठ्यक्रम। इन नये पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं की समस्याओं और उन समस्याओं के समाधान हेतु उपाय को अध्ययन का विषय बनाने की आवश्यकता महसूस हुई, इसलिए इसे अध्ययन का विषय बनाया गया है।

उद्देश्य– प्रस्तुत प्रपत्र के शोध उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

1. राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय द्वारा संचालित माध्यमिकपाठ्यक्रम के शिक्षार्थियों की सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकि सम्बन्धी समस्याओं का अध्ययन करना।
2. राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय द्वारा संचालित माध्यमिकपाठ्यक्रमके शिक्षार्थियों कीसूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकि सम्बन्धी समस्याओं के समाधान हेतु सुझावों का अध्ययन करना।

परिकल्पना:

1. सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकि के सन्दर्भ में ग्रामीण तथा शहरी अध्ययन केन्द्रों के विद्यार्थियों की समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं है।
2. सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकि के सन्दर्भ में पुरुष तथा महिला विद्यार्थियों की समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं है।
3. सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकि के सन्दर्भ में ग्रामीण एवं शहरी अध्ययन केन्द्रों के विद्यार्थियों के सुझावों में सार्थक अन्तर नहीं है।
4. सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकि के सन्दर्भ में पुरुष तथा महिला विद्यार्थियों के सुझावों में सार्थक अन्तर नहीं है।

शोध प्रविधि – यह एक सर्वेक्षण प्रकार का अध्ययन है जिसमेंउत्तार प्रदेश के राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के 10 अध्ययन केन्द्रों से यादृच्छिक विधि द्वारा न्यादर्श में 200 शिक्षार्थियों को चयनित किया गया हैं।उत्तार प्रदेश के राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय में अध्ययनरत माध्यमिक पाठ्यक्रम के सभी विद्यार्थी जनसंख्या हैं।प्राप्त आंकड़ो के विश्लेषण के लिए प्रतिशतता एवं(2 परीक्षण का प्रयोग किया गया है। इसमें अध्ययनरत 105 ग्रामीण एवं 95 शहरी, 80 महिला एवं 120 पुरूष माध्यमिक पाठ्यक्रम के अधिगमकर्ताओं को इस शिक्षा व्यवस्थाएवं अध्ययन केन्द्रों पर होने वाली समस्याओं का अध्ययन किया गया है और उनके द्वारा अनुभूति उन समस्याओं के लिए दिये गये सुझावों का अध्ययन किया गया है जो निम्नलिखित हैं–

विश्लेषण एवं व्याख्या

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की समस्याएं एवं सुझाव – न्यादर्श के रूप में लिए गये राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों में 71% ग्रामीण तथा 57% शहरी अध्ययन केन्द्र के विद्यार्थी एक से दो वर्ष के मध्य, 25% ग्रामीण तथा 36% शहरी अध्ययन केन्द्र के विद्यार्थी दो से चार वर्ष के मध्य एवं 4% ग्रामीण तथा 7% शहरी अध्ययन केन्द्र के विद्यार्थी चार वर्ष से अधिक अवधि से पढ़ाई कर रहे हैं। इन्हीं विद्यार्थियों का लिंग के सन्दर्भ में अध्ययन से पाया गया कि 63% पुरुष तथा 66% महिलाएं एक से दो वर्ष के मध्य, 31% पुरुष तथा 29% महिलाएं दो से चार वर्ष के मध्य और 6% पुरुष तथा 5% महिलाएं चार वर्ष से अधिक समय से केवल माध्यमिक स्तर के पाठ्यक्रम में नामांकित हैं। एक और आंकड़े के अध्ययन से पता

चलता है कि इस पाठ्यक्रम के 33% ग्रामीण तथा 20% शहरी व 23% पुरुष तथा 34% महिलाएं राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान में पढ़ाई के साथ-साथ किसी अन्य संस्था या विभाग से नियमित या अनियमित रूप से सम्बद्ध हैं। 21% ग्रामीण तथा 36% शहरी अध्ययन केन्द्रों के 33% पुरुष तथा 20% महिलाएं नौकरी पाने के उद्देश्य से, 44% ग्रामीण तथा 37% शहरी अध्ययन केन्द्रों के व 35% पुरुष तथा 49% महिलाएं शैक्षिक योग्यता बढ़ाने के लिए, 12% ग्रामीण तथा 8% शहरी अध्ययन केन्द्रों व 15% पुरुष तथा 16% महिलाएं इसके लचीलेपन के कारण और 13% ग्रामीण तथा 19% शहरी अध्ययन केन्द्रों व 17% पुरुष तथा 15% महिलाएं परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण इस शिक्षण संस्थान में पढ़ाई कर रही हैं। इन विद्यार्थियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अत: इनकी समस्याओं तथा उनके द्वारा बताए गये सुझावों का अध्ययन आगे X^2 परीक्षण द्वारा किया जा रहा है।

तालिका-1,2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका-1 से यह स्पष्ट होता है कि संयोजक के आवश्यकतानुसार उपल्ब्ध न होने, अध्ययन केन्द्र के पुस्तकालय में एनआईओएस की सामग्री उचित मात्रा में न होने, व्यक्तिगत सम्पर्क शिक्षण आवश्यकता से कम होने, विषय-वस्तु समझने में कठिनाई, सम्बन्धित सूचना समय से न मिलने, प्रयोगशाला में आवश्यक उपकरण की कमी से समस्या, ऑडियो/वीडियो कैसेट का मूल्य अंकित मूल्य से अधिक लेने, ऑडियो/वीडियो कैसेट अध्ययन केन्द्र पर उपलब्ध न रहने की समस्या, सहपाठियों के साथ अंत:क्रिया कम होने, ऑडियो/वीडियो कांफ्रेसिंग न होने, शिक्षण शुल्क अधिक होने तथा एड्यू-सैटशैक्षिक कार्यक्रम केन्द्र में उपलब्ध न होने सम्बन्धी समस्याओं पर परिगणित X^2 मान क्रमश: 0.17, 4.57, 0.16, 2.47, 1.6, 2.35, 1.23, 1.1, 4.71, 1.6 तथा 3.65 हैं, जो कि मुक्तांश (df)-2 के .05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 5.99 से कम है। अत: उपरोक्त समस्याओं के सन्दर्भ में शून्य परिकल्पना कि 'अध्ययन केन्द्रों की स्थिति और उसमें पढ़ने वाले माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की समस्याएं एक-दूसरे पर आश्रित नहीं हैं, अर्थात् ग्रामीण तथा शहरी अध्ययन केन्द्रों के माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं है' को स्वीकार किया जाता है।

तालिक-1 के आधार पर यह कहा जा सकता है कि ग्रामीण तथा शहरी अध्ययन केन्द्रों पर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए प्रमुख समस्याएं निम्नलिखित हैं-

1. सम्बन्धित सूचना समय से न मिलने,
2. ऑडियो/वीडियो कैसेट का मूल्य अंकित मूल्य से अधिक लेने,
3. ऑडियो/वीडियो कैसेट अध्ययन केन्द्र पर उपलब्ध न रहने की समस्या,
4. ऑडियो/वीडियो कांफ्रेसिंग न होने तथा
5. एड्यू-सैट शैक्षिक कार्यक्रम अध्ययन केन्द्र में उपलब्ध न होना।

2. लिंगवार माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की समस्याएं

तालिका-2 से यह स्पष्ट होता है कि ऑडियो/वीडियो कैसेट अध्ययन केन्द्र पर उपलब्ध न रहने सम्बन्धी समस्याओं पर परिगणित X^2 मान 7.86 हैं, जो कि मुक्तांश (df)-2 के .05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 5.99 से अधिक है। अत: उपरोक्त समस्या के सन्दर्भ में शून्य परिकल्पना कि 'माध्यमिक स्तर के पुरुष तथा महिला विद्यार्थियों की समस्याएं एक-दूसरे पर आश्रित नहीं हैं, अर्थात् माध्यमिक स्तर के पुरुष तथा महिला विद्यार्थियों की समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं है' को अस्वीकार किया जाता है।

11. गुड तथा स्केट्स, 1945 :'मेथडस ऑफ एजुकेशन रिसर्च' पृष्ठ सं. 40
12. गुड तथा स्केट्स, 1959 :'इन्ट्रोडक्शन टू एजुकेशन रिसर्च' पृष्ठ सं. 95
13. ढोढ़ियाल एवं 1973 फाटक:'शैक्षिक अनुसंधान का विधि शास्त्र' राजस्थान ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 1982

सारणी 1 ग्रामीण विद्यालयों के एकाकी एवं संयुक्त परिवार के विद्यार्थियों (N=200) के अभिभावक अकादमिक सहभागिता का तुलनात्मक अध्ययन

क्र.	क्षेत्र	समूह	ग्रामीण विद्यालय के विद्यार्थी के मध्यमान	ग्रामीण विद्यालय के विद्यार्थी के मानक विचलन	टी–मान	.05/.01 स्तर पर सार्थकता
1	संज्ञानात्मक पक्ष	एकाकी	9.78	1.12	3.75	.01 स्तरपर सार्थक
		संयुक्त	11.13	1.98		
2	सामाजिक पक्ष	एकाकी	9.60	1.08	5.50	.01 स्तर पर
		संयुक्त	11.50	1.89		
3	मनोवैज्ञानिक पक्ष	एकाकी	13.55	1.81	4.75	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	15.75	2.30		
4	संवेगात्मक पक्ष	एकाकी	9.68	1.54	5.84	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	11.35	1.89		
5	सृजनात्मक पक्ष	एकाकी	9.68	1.54	4.34	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	11.35	1.89		
6	अनुशासनात्मक पक्ष	एकाकी	9.65	0.86	5.94	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	11.45	1.71		
7	मनारेंजनात्मक पक्ष	एकाकी	9.73	0.99	5.22	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	11.45	1.84		
8.	नेतृत्व	एकाकी	7.83	0.68	4.95	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	9.10	1.48		
9.	आधारभूत आवश्यकताओं एवं सुविधाओं की पूर्ति	एकाकी	9.68	1.07	5.30	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	11.50	1.89		
10.	उपलब्धि	एकाकी	7.78	0.66	5.37	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	9.15	1.48		
11.	बालक के प्रत्येक कार्य के प्रति चिन्तित	एकाकी	9.90	0.81	5.11	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	11.45	1.74		
12.	विद्यालय व परिवार के मध्य संबंध	एकाकी	9.63	1.13	5.38	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	11.50	1.89		
13.	पर्यावरणीय चेतना	एकाकी	7.70	1.36	3.53	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	8.85	1.55		
	समग्र क्षेत्र	एकाकी	122.18	7.81	6.19	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	143.38	20.19		

स्वतंत्रता के अंश (df=198) पर .05 स्तर का सारणीमान = 1.97 .01 स्तरका सारणीमान = 2.60

सारणी 2: शहरी विद्यालय के एकाकी एवं संयुक्त परिवार के विद्यार्थियों (N=200) के अभिभावक अकादमिक सहभागिता का तुलनात्मक अध्ययन

क्र.	क्षेत्र	समूह	ग्रामीण विद्यालय के विद्यार्थी के मध्यमान	ग्रामीण विद्यालय के विद्यार्थी के मानक विचलन	टी-मान	.05/.01 स्तर पर सार्थकता
1	संज्ञानात्मक पक्ष	एकाकी	11.00	1.57	7.42	.01 स्तरपर सार्थक
		संयुक्त	13.33	1.21		
2	सामाजिक पक्ष	एकाकी	10.78	1.27	7.31	.01 स्तर पर
		संयुक्त	13.05	1.50		
3	मनोवैज्ञानिक पक्ष	एकाकी	14.95	1.65	7.55	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	17.95	1.89		
4	संवेगात्मक पक्ष	एकाकी	8.65	0.95	6.71	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	10.43	1.38		
5	सृजनात्मक पक्ष	एकाकी	10.98	1.62	5.84	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	13.03	1.51		
6	अनुशासनात्मक पक्ष	एकाकी	10.85	1.21	6.56	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	12.93	1.59		
7	मनारेंजनात्मक पक्ष	एकाकी	10.93	1.56	5.83	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	12.93	1.51		
8.	नेतृत्व	एकाकी	8.75	1.06	8.75	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	10.73	0.96		
9.	आधारभूत आवश्यकताओं एवं सुविधाओं की पूर्ति	एकाकी	10.78	1.31	6.91	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	13.15	1.73		
10.	उपलब्धि	एकाकी	8.68	1.00	7.15	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	10.48	1.24		
11.	बालक के प्रत्येक कार्य के प्रति चिन्तित	एकाकी	10.85	1.12	8.81	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	13.40	1.45		
12.	विद्यालय व परिवार के मध्य संबंध	एकाकी	10.83	1.32	7.51	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	13.28	1.58		
13.	पर्यावरणीय चेतना	एकाकी	8.48	1.58	3.94	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	9.80	1.42		
	समग्र क्षेत्र	एकाकी	136.48	12.83	9.57	.01 स्तर पर सार्थक
		संयुक्त	164.45	13.31		

स्वतंत्रता के अंश (df=198) पर
.05 स्तर का सारणीमान = 1.97
.01 स्तर का सारणीमान = 2.60

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मध्यप्रदेश में रोजगार मूलक योजनाओं का प्रभाव: उज्जैन एवं रतलाम जिलों के संदर्भ में विश्लेषणात्मक अध्ययन

पूजा झाला* डॉ. एल. एन. शर्मा **

*शोधार्थी (वाणिज्य) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोध निर्देशक (वाणिज्य) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – यह शोध-पत्र मध्य प्रदेश सरकार की रोजगार मूलक योजनाओं के प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करता है, विशेषकर उज्जैन एवं रतलाम जिलों के संदर्भ में। इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं तथा कमजोर वर्गों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है। अध्ययन में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना तथा मुख्यमंत्री कृषक उद्यमी योजना के अंतर्गत प्राप्त आँकड़ों का विश्लेषण किया गया। परिणाम बताते हैं कि उज्जैन जिले में लाभार्थियों की संख्या और योजनाओं की पहुँच अपेक्षाकृत अधिक रही है, जबकि रतलाम जिले में सहभागिता अपेक्षाकृत कम रही। इससे स्पष्ट होता है कि योजनाओं का प्रभाव जिलों की स्थानीय परिस्थितियों, जागरूकता एवं प्रशासनिक सहयोग पर भी निर्भर करता है।

शब्द कुंजी – रोजगार मूलक योजनाएँ, उद्यमिता, स्वरोजगार, प्रशिक्षण, आर्थिक विकास।

प्रस्तावना – भारत जैसे विकासशील देश में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या है। इसे दूर करने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर विभिन्न रोजगार मूलक योजनाएँ लागू की जाती रही हैं। उद्यमिता को बढ़ावा देकर न केवल नए रोजगार अवसर उत्पन्न होते हैं, बल्कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलता है।

मध्य प्रदेश सरकार ने युवाओं एवं समाज के कमजोर वर्गों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विशेष पहल की है। इन योजनाओं का लक्ष्य केवल ऋण प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देकर स्थायी आर्थिक विकास सुनिश्चित करना भी है।

इस शोध में उज्जैन और रतलाम जिलों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। दोनों जिलों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि में अंतर है, जिससे योजनाओं के परिणामों में भी भिन्नता पाई जाती है। उज्जैन एक प्रमुख धार्मिक एवं शैक्षणिक केंद्र है, जबकि रतलाम अपने औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है।

साहित्य समीक्षा

1. Gupta & Singh (2021) के अनुसार, मध्य प्रदेश की स्वरोजगार योजनाओं ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन दिया है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इनका क्रियान्वयन जागरूकता की कमी और बैंकिंग प्रक्रियाओं की जटिलता के कारण सीमित रहा।
2. Joshi (2022) ने अपने अध्ययन में पाया कि महिला उद्यमियों की भागीदारी योजनाओं के माध्यम से बढ़ रही है, परंतु सामाजिक बाधाएँ और वित्तीय जोखिम की आशंका अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई हैं।

अध्ययन का उद्देश्य:

1. उज्जैन एवं रतलाम जिलों में युवा वर्ग उद्यमिता तथा स्टार्ट-अप की ओर आकर्षित होने का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. उद्यमिता विकास की ओर सरकार की भूमिका की जानकारी प्राप्त करना।

समंक विश्लेषण एवं विवेचना – प्रस्तुत शोध-पत्र में उपरोक्त योजनाओं का उज्जैन एवं रतलाम जिले के मध्य एक तुलनात्मक अध्ययन किया गया है, जो की निम्नानुसार है : -

1. मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का लिंग के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन।
2. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का लिंग के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन।
3. मुख्यमंत्री कृषक उद्यमी योजना का लिंग के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन।

तालिका 1: उज्जैन एवं रतलाम जिले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना कालिंग के आधार पर तुलनात्मक अध्ययनवर्ष 2014-15 से 2018-19

	उज्जैन जिला					रतलाम जिला			
क्रं	वर्ष	महिला	पुरुष	कुल हित ग्राही	क्रं	वर्ष	महिला	पुरुष	कुल हित ग्राही
1	2014-15	9	22	31	1	2014-15	4	9	13
2	2015-16	16	30	46	2	2015-16	12	22	34
3	2016-17	19	33	52	3	2016-17	10	22	32
4	2017-18	25	31	56	4	2017-18	15	17	32
5	2018-19	13	27	40	5	2018-19	9	17	26
	कुल	82	143	225		कुल	50	87	137

आरेख 1:उज्जैन एवं रतलाम जिले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना कालिंग के आधार पर तुलनात्मक अध्ययनवर्ष 2014-15 से 2018-19



सर्वेक्षित तालिका क्रं. 1 के आधार पर उज्जैन एवं रतलाम जिले के मध्य मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का लिंग (महिला एवं पुरुष) के आधार पर, वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक, तुलनात्मक अध्ययन करने पर निम्नलिखित बिन्दु ज्ञात हुए हैं-

1.1 उज्जैन एवं रतलाम जिले के मध्य महिला हितग्राहियों की तुलना करने पर:

1. वर्ष 2014-15 में योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले में 09 महिला हितग्राही है, जबकि रतलाम जिले में 04 महिला हितग्राही है अर्थात उक्त वर्ष में उज्जैन जिले में 05 महिला हितग्राही अधिक हैं।
2. वर्ष 2015-16 में योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले में 16 महिला हितग्राही है, जबकि रतलाम जिले में 12 महिला हितग्राही है अर्थात उक्त वर्ष में उज्जैन जिले में 04 महिला हितग्राही अधिक हैं।
3. वर्ष 2016-17 में योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले में 19 महिला हितग्राही है, जबकि रतलाम जिले में 10 महिला हितग्राही है अर्थात उक्त वर्ष में उज्जैन जिले में 09 महिला हितग्राही अधिक हैं।
4. वर्ष 2017-18 में योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले में 25 महिला हितग्राही है, जबकि रतलाम जिले में 15 महिला हितग्राही है अर्थात उक्त वर्ष में उज्जैन जिले में 10 महिला हितग्राही अधिक हैं।
5. वर्ष 2018-19 में योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले में 13 महिला हितग्राही है, जबकि रतलाम जिले में 09 महिला हितग्राही है अर्थात उक्त वर्ष में उज्जैन जिले में 04 महिला हितग्राही अधिक हैं।

वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षों में उज्जैन जिले में कुल 82 महिला तथा वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षों में रतलाम जिले में कुल 50 महिला हितग्राही हुई हैं। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि रतलाम जिले की तुलना में उज्जैन जिले में 32 महिला हितग्राहियों ने अधिक संख्या में योजना का लाभ उठाया है तथा उज्जैन एवं रतलाम जिले में कुल 132 महिला हितग्राहियों में उज्जैन जिले में 62.12 प्रतिशत तथा रतलाम जिले में 37.88 प्रतिशत युवा उद्यमी हैं। इस प्रकार उज्जैन जिले में 24.24 प्रतिशत हितग्राही अधिक हैं।

तालिका 2: उज्जैन एवं रतलाम जिले के मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना कालिंग के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन वर्ष 2014-15 से 2018-19

	उज्जैन जिला				रतलाम जिला				
क्रं	वर्ष	महिला	पुरुष	कुल हितग्राही	क्रं	वर्ष	महिला	पुरुष	कुल हितग्राही
1	2014-15	177	369	546	1	2014-15	160	242	402
2	2015-16	239	447	686	2	2015-16	264	316	580
3	2016-17	257	483	740	3	2016-17	245	357	602
4	2017-18	325	580	905	4	2017-18	301	437	738
5	2018-19	232	436	668	5	2018-19	144	211	355
	कुल	1230	2315	3545	कुल		1114	1563	2677

आरेख 2 : उज्जैन एवं रतलाम जिले के मध्य महिला हितग्राहियों का अध्ययन वर्ष 2014-15 से 2018-19



सर्वेक्षित तालिका क्रं. 2 के आधार पर उज्जैन एवं रतलाम जिले के मध्य मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का लिंग (महिला एवं पुरुष) के आधार पर, वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक, तुलनात्मक अध्ययन करने पर निम्नलिखित बिन्दु ज्ञात हुए हैं-

2.1 उज्जैन एवं रतलाम जिले के मध्य महिला हितग्राहियों की तुलना करने पर:

1. वर्ष 2014-15 में योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले में 177 महिला हितग्राही है, जबकि रतलाम जिले में 160 महिला हितग्राही है अर्थात उक्त वर्ष में उज्जैन जिले में 17 महिला हितग्राही अधिक हैं।
2. वर्ष 2015-16 में योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले में 239 महिला हितग्राही है, जबकि रतलाम जिले में 264 महिला हितग्राही है अर्थात उक्त वर्ष में रतलाम जिले में 25 महिला हितग्राही अधिक हैं।
3. वर्ष 2016-17 में योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले में 257 महिला हितग्राही है, जबकि रतलाम जिले में 245 महिला हितग्राही है अर्थात उक्त वर्ष में उज्जैन जिले में 12 महिला हितग्राही अधिक हैं।
4. वर्ष 2017-18 में योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले में 325 महिला हितग्राही है, जबकि रतलाम जिले में 301 महिला हितग्राही है अर्थात उक्त वर्ष में उज्जैन जिले में 24 महिला हितग्राही अधिक हैं।
5. वर्ष 2018-19 में योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले में 232 महिला

हितग्राही है, जबकि रतलाम जिले में 144 महिला हितग्राही है अर्थात उक्त वर्ष में उज्जैन जिले में 88 महिला हितग्राही अधिक हैं।

वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षों में उज्जैन जिले में कुल 1230 महिला तथा वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षों में रतलाम जिले में कुल 1114 महिला हितग्राही हुई हैं। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि रतलाम जिले की तुलना में उज्जैन जिले में 116 महिला हितग्राहियों ने अधिक संख्या में योजना का लाभ उठाया है तथा उज्जैन एवं रतलाम जिले में कुल 2344 महिला हितग्राहियों में उज्जैन जिले में 52.47 प्रतिशत तथा रतलाम जिले में 47.53 प्रतिशत युवा उद्यमी हैं। इस प्रकार उज्जैन जिले में 4.94 प्रतिशत हितग्राही अधिक हैं।

तालिका 3: उज्जैन एवं रतलाम जिले में मुख्यमंत्री कृषक उद्यमी योजना का लिंग के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन वर्ष 2018-19

उज्जैन जिला					रतलाम जिला				
क्रं	निकाय का नाम	महिला	पुरुष	कुल	क्रं	निकाय का नाम	महिला	पुरुष	कुल
1	2018-2019	5	11	16	1	2018-2019	6	6	12
	कुल	5	11	16		कुल	6	6	12

स्रोत: - जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, उज्जैन एवं रतलाम

आरेख 3 : उज्जैन एवं रतलाम जिले में मुख्यमंत्री कृषक उद्यमी योजना का लिंग के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन वर्ष 2018-19



सर्वेक्षित तालिका क्रं. 3 के आधार पर उज्जैन और रतलामजिले के मध्य मुख्यमंत्री कृषक उद्यमी योजना का लिंग (महिला एवं पुरुष) के आधार पर, वर्ष 2018-19 का, तुलनात्मक अध्ययन करने पर निम्नलिखित बिन्दु ज्ञात हुए है-

3.1 वर्ष 2018-19 में उज्जैन जिले में कुल 05 महिला हितग्राही तथा रतलाम जिले में कुल 06 महिला हितग्राही हुए है। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि उज्जैन जिले की तुलना में रतलाम जिले में 01 महिला हितग्राही अधिक रही है तथा उज्जैन एवं रतलाम जिले में कुल 11 हितग्राहियों में उज्जैन जिले में 45.45 प्रतिशत तथा रतलाम जिले में 54.55 प्रतिशत महिला हितग्राही है। इस प्रकार रतलाम जिले में 9.10 प्रतिशत महिला हितग्राही अधिक है।

3.2 वर्ष 2018-19 में उज्जैन जिले में कुल 11 पुरुष हितग्राही है तथा रतलाम जिले में कुल 6 पुरुष हितग्राही हुए है। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि रतलाम जिले की तुलना में उज्जैन जिले में 05 पुरुषों ने अधिक संख्या में योजना का लाभ उठाया है तथा उज्जैन एवं रतलाम जिले में कुल 17 पुरुष हितग्राहियों में उज्जैन जिले में 64.71 प्रतिशत तथा रतलाम जिले में 35.29 प्रतिशत पुरुष हितग्राही है। इस प्रकार उज्जैन जिले में 29.42 प्रतिशत पुरुष हितग्राही अधिक है।

3.3 वर्ष 2018-19 में उज्जैन जिले में कुल 16 एवं रतलाम जिले में कुल 12 हितग्राही हुए है। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि रतलाम जिले की तुलना में उज्जैन जिले में 04 हितग्राहियों ने अधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाया है तथा उज्जैन एवं रतलाम जिले में कुल 28 हितग्राहियों में उज्जैन जिले में 57.14 प्रतिशत तथा रतलाम जिले में 42.86 प्रतिशत हितग्राही कृषक उद्यमी है। इस प्रकार उज्जैन जिले में 14.28 प्रतिशत हितग्राही अधिक है।

शोध परिकल्पना

H_1: युवा वर्ग उद्यमिता तथा स्टार्ट-अप की ओर आकर्षित हो रहा है।

H_{01}: जिलेवार विभिन्न आयु वर्ग के हितग्राहियों के मध्य कोई सार्थक अंतर नहीं है।

H_{01}:जिलेवार विभिन्न आयु वर्ग के हितग्राहियों के मध्य कोई सार्थक अंतर है।

तालिका क्रमांक 4: चयनित योजनाओं का आयु वर्ग के आधार पर विश्लेषण

योजनाओं के नाम	आयु वर्ग	उज्जैन जिला		रतलाम जिला	
		आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना	18-25	19	38	12	24
	26-30	15	30	13	26
	31-35	11	22	16	32
	36-40	5	10	9	18
मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना	18-25	20	40	14	28
	26-30	14	28	11	22
	31-35	10	20	18	36
	36-40	6	12	7	14
	41-45	0	0	0	0
मुख्यमंत्री कृषक उद्यमी योजना	18-25	6	33.33	5	35.71
	26-30	4	22.22	3	21.43
	31-35	5	27.78	4	28.57
	36-40	3	16.67	2	14.29
	41-45	0	0	0	0

स्त्रोत - व्यक्तिगत सर्वेक्षण के आधार पर

तालिका (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका से स्पष्ट है की F Value = 5.021 (Sig. .001) है जो और 0.05 Level और df1 = 27पर सार्थक है। अत: यह स्पष्ट है की युवा वर्ग उद्यमिता तथा स्टार्ट-अप की ओर आकर्षित हो रहा है। अत: उपकल्पनाH1स्वीकार होती है।

मुख्य निष्कर्ष - यह तुलनात्मक अध्ययन दर्शाता है कि उज्जैन और रतलाम दोनों जिलों में रोजगार मूलक योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, लेकिन उज्जैन जिले की प्रगति अपेक्षाकृत अधिक रही। इसका कारण वहाँ की जागरूकता, प्रशासनिक सहयोग और संसाधनों की उपलब्धता है। रतलाम जिले में सुधार की संभावना है, विशेषकर महिला उद्यमियों और

पिछड़े वर्गों की भागीदारी बढ़ाने में।

समग्र रूप से कहा जा सकता है कि यदि योजनाओं का क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी बनाया जाए, तो ये न केवल बेरोजगारी कम करने में सहायक होंगी, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाएंगी।

1. उज्जैन जिले में योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों की संख्या रतलाम जिले से अधिक रही।
2. महिला उद्यमियों की भागीदारी दोनों जिलों में बढ़ रही है, परंतु पुरुषों की तुलना में अभी भी कम है।
3. बैंकों द्वारा स्वीकृत और वितरित राशि दोनों जिलों में लक्ष्य के अनुरूप रही, किंतु उज्जैन जिले को अपेक्षाकृत अधिकवित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ।
4. शिक्षा के आधार पर देखा गया कि स्नातक और स्नातकोत्तार वर्ग के युवाओं ने योजनाओं का सर्वाधिक लाभ उठाया।
5. लाभार्थियों ने योजनाओं को भविष्य में भी अपनाने की इच्छा व्यक्त की, जो योजनाओं की स्वीकार्यता को दर्शाता है।

सुझाव :

1. ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रचार-प्रसार को और प्रभावी बनाया जाए।
2. महिला उद्यमियों को विशेष प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता प्रदान की जाए।
3. बैंकिंग प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी किया जाए।
4. योजनाओं की निरंतर निगरानी एवं मूल्यांकन से उनकी प्रभावशीलता बढ़ाई जाए।
5. युवा वर्ग को नवाचार आधारित स्टार्ट-अप्स हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. चौधरी, के. (2020), 'भारत में उद्यमिता और स्वरोजगार योजनाएँ: एक अध्ययन' वाराणसी: ज्ञानभारती प्रकाशन।
2. पटेल, एन. (2021), 'ग्रामीण भारत में रोजगार के अवसर और शासकीय योजनाओं की भूमिका' इंदौर: लोकशक्ति पब्लिकेशन।
3. मध्य प्रदेश योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग। (2020), राज्य स्तरीय रोजगार मूलक योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट 2014-2019. भोपाल: शासन प्रकाशन।
4. विश्व बैंक। (2019),'भारत में स्वरोजगार और कौशल विकास कार्यक्रमों का तुलनात्मक अध्ययन' नई दिल्ली: विश्व बैंक रिपोर्ट।
5. सेन, आर. (2022),'महिला उद्यमिता और रोजगार योजनाएँ: चुनौतियाँ एवं संभावनाएँ' कोलकाता: साहित्य मंथन।
6. जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, उज्जैन एवं रतलाम। (2019), वार्षिक रिपोर्ट एवं योजनाओं का तुलनात्मक विवरण।

अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय जर्नल्स:

1. Journal of Indian Accounting Association. ISSN 0972-1479 (National).
2. Madhya Pradesh journal of Social Sciences. ISSN 0973-855X (National).

वेबसाईट्स:

1. en.m.wikipdia.org>wiki>Neemuch.
2. https//book.google.co.in.

Descriptive

Frequency		N	Mean	Std. Devia -tion	Std. Error	95% Confidence Interval for Mean		Mini mum	Maxi mum	Between Component Variance
						Lower Bound	Upper Bound			
18-25		6	9.21	5.23	1.956	3.55	14.2	5	20	
26-30		6	12.32	4.376	1.582	7.88	15.95	3	15	
31-35		6	12.48	6.02	2.88	7.05	18.16	4	18	
36-40		6	5.78	4.83	1.493	2.2	11.57	2	9	
41-45		4	0	0	0	0	0	0	0	
Total		28	8.68	5.669	1.06	7.86	16.19	0	20	
Model	Fixed Effects			4.684	0.249	4.387	10.61			
	Random Effects				3.245	1.86	14.92			19.532

ANOVA

Frequency	Sum of Squares	df	Mean Square	F	Sig.
Between Groups	497.208	4	124.302	5.021	0.001
Within Groups	485.369	23	21.103		
Total	982.577	27			

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Assessing Institutional Preparedness for ICT Integration in Secondary Schools

Rajkumari Rathore* **Dr. Rajesh Kumar****

*Research Scholar, Barkatullah University, Bhopal (M.P.) INDIA
** Assistant Professor, Regional Institute of Education (NCERT) Bhopal (M.P.) INDIA

Abstract: Information and Communication Technology (ICT) has transformed educational landscapes globally by redefining teaching-learning processes. However, successful integration of ICT in schools depends significantly on the level of institutional preparedness. This paper aims to assess the institutional preparedness of secondary schools with special reference to infrastructural readiness, policy framework, technical support, and administrative commitment toward ICT adoption. Using both qualitative and quantitative methods, data was collected from secondary schools in Bhopal District, Madhya Pradesh. The findings reveal a partial preparedness among institutions due to inconsistent infrastructure, lack of policy implementation, and inadequate training and support systems. The paper concludes with recommendations for strengthening institutional frameworks to ensure effective and sustainable ICT integration.
Keywords: ICT in education, institutional preparedness, secondary schools, digital infrastructure, teacher training, Bhopal district, school leadership.

Introduction - In the 21st century, Information and Communication Technology (ICT) has emerged as a fundamental pillar in reshaping educational environments across the globe. The integration of ICT in education is no longer a luxury but a necessity, particularly in secondary schooling where students are prepared for the digital demands of higher education and the workforce. The transformative power of ICT lies in its ability to enhance teaching methodologies, facilitate interactive learning, promote digital literacy, and ensure equitable access to quality education. As nations aspire to meet the Sustainable Development Goal 4 (SDG 4) — ensuring inclusive and equitable quality education — ICT serves as both a tool and a strategy to address disparities in educational delivery. India, with its vast and diverse education system, has initiated several national-level interventions to mainstream ICT in schools. Flagship initiatives such as the ICT@Schools Scheme, Digital India, and the National Education Policy (NEP) 2020 underscore the importance of digital empowerment and the need to strengthen ICT infrastructure in educational institutions. The NEP 2020 particularly emphasizes the integration of technology in all levels of education to make learning more effective, inclusive, and personalized. However, the effectiveness of such policies and schemes heavily depends on the **institutional preparedness** of schools — a multi-faceted construct that encompasses the availability of physical infrastructure, administrative planning, resource allocation, teacher training, and overall readiness to adopt and sustain ICT-based education.

Despite the policy push and financial investment, there exists a significant gap between the intended outcomes and ground realities. Many schools, especially in semi-urban and rural areas, struggle with inadequate ICT infrastructure, poor maintenance of equipment, lack of technical staff, and insufficient teacher training. Even in urban settings, the usage of ICT tools in classrooms remains inconsistent due to weak institutional support and the absence of structured implementation frameworks. This disconnect highlights the critical importance of assessing and understanding the actual preparedness of institutions to integrate ICT into their teaching-learning processes.

Institutional preparedness refers to the readiness of schools at the organizational level to effectively plan, implement, and support ICT integration. It involves strategic leadership, infrastructure provisioning, teacher capacity-building, policy development, resource mobilization, and the presence of monitoring and evaluation mechanisms. A well-prepared institution not only installs hardware and software but also ensures that teachers are confident and competent to use these tools meaningfully. Moreover, it fosters a culture that embraces innovation, encourages experimentation with new teaching methods, and adapts to emerging digital trends in education.

This research focuses on assessing the institutional preparedness of **secondary schools in Bhopal district**, Madhya Pradesh. Bhopal, being an educational hub in central India, houses a mix of government, private, and

aided schools, making it a representative sample for such a study. The secondary education stage is particularly crucial, as it lays the foundation for higher education and skill development. If institutions at this stage are not adequately prepared to harness ICT, students risk being excluded from the digital revolution that defines today's knowledge economy.

Furthermore, the recent COVID-19 pandemic underscored the urgent need for digital readiness. Schools that lacked ICT infrastructure or did not have a supportive institutional environment faced major disruptions in continuing education during lockdowns. The shift to online and hybrid models of education exposed glaring inequalities and reinforced the importance of institutional resilience and preparedness in times of crisis. Post-pandemic, ICT is no longer viewed as an optional supplement but as an integral component of mainstream education.

This study is significant in that it goes beyond simply documenting ICT tools available in schools. It seeks to holistically evaluate how prepared the institutions are in terms of leadership vision, planning, implementation strategies, and support mechanisms. It aims to identify existing gaps and challenges while also exploring best practices adopted by schools that have successfully integrated ICT into their systems. By focusing on institutional dimensions rather than individual teacher behavior alone, this research provides a broader and more actionable perspective on how to enhance ICT integration in secondary education.

Objectives of the Study:

1. To examine the availability and functionality of ICT infrastructure in secondary schools.
2. To assess the institutional policies and administrative support for ICT integration.
3. To analyze the capacity-building initiatives for staff and teachers related to ICT use.
4. To identify the challenges faced by schools in implementing ICT-based education.

Review of Literature

Previous studies have emphasized that institutional readiness is a critical determinant of successful ICT implementation in schools (UNESCO, 2019). According to Pelgrum (2001), factors such as insufficient equipment, lack of training, and low administrative support significantly impact ICT outcomes in education. In the Indian context, studies like those by NCERT (2020) highlight the urban-rural disparity in ICT access and its implications on equity and quality in education. Moreover, research by Mishra & Koehler (2006) emphasizes the role of leadership in facilitating technological adoption. These insights frame the necessity of a holistic understanding of institutional preparedness beyond mere technological acquisition.

The integration of Information and Communication Technology (ICT) in secondary education has become a focal point of global educational reforms, particularly in developing countries like India. Literature on ICT in education has expanded significantly in recent years, addressing themes such as teacher readiness, policy implementation, infrastructural development, and institutional preparedness. This review explores the conceptual and empirical contributions of five recent books that inform the present study and highlight the importance of institutional frameworks in driving ICT adoption in secondary schools.

Selwyn, N. (2021). *Education and Technology: Key Issues and Debates* (2nd ed.). Bloomsbury Publishing.

Selwyn offers a critical perspective on the intersection of education and technology, emphasizing that the success of ICT integration is not solely dependent on the availability of digital tools but on the institutional contexts within which these tools are used. He argues that technology in education often mirrors existing inequalities unless schools are structurally and culturally prepared to support equitable access. Selwyn's discussions on the "politics of technology" inform this study's understanding of how institutional attitudes, resource management, and policy choices shape the outcomes of ICT implementation. His emphasis on teacher autonomy, administrative leadership, and support mechanisms directly aligns with the focus on institutional preparedness in the present research.

Kozma, R. B. (2018). *Transforming Education: The Power of ICT Policies*.UNESCO Publishing.

Kozma explores case studies from multiple countries that have successfully integrated ICT in education through coherent policies and strong institutional systems. The book emphasizes the importance of aligning ICT implementation with national education goals and ensuring capacity-building at all levels of the education system. Kozma identifies key indicators of institutional readiness, including digital infrastructure, teacher training, curriculum reform, and leadership engagement. These indicators serve as a useful framework for assessing schools' preparedness in the Bhopal district. Moreover, the book's discussion on the scalability of ICT initiatives offers valuable insight into the sustainability of institutional efforts.

Shukla, S., & Chatterjee, M. (2020).*Digital Learning in Indian Schools: Challenges and Opportunities*. Sage Publications India.

This book provides an India-specific analysis of ICT adoption in school education. It discusses infrastructural constraints, digital divides, and the variance in preparedness among urban and rural schools. Shukla and Chatterjee categorize Indian schools into three ICT-readiness levels: highly prepared, moderately prepared, and unprepared. The book introduces a conceptual model of institutional preparedness that includes leadership vision, technical staff availability, ICT maintenance budgets, and monitoring tools. These components are central to the present research's attempt to assess secondary schools' readiness in a semi-urban district like Bhopal. The authors also emphasize the

need for community and parental involvement, which can indirectly influence the success of ICT integration.

Anderson, J., &Dron, J. (2017).*Teaching Crowds: Learning and Social Media*. AU Press.

Although this book primarily focuses on higher education, its theoretical insights into how institutions mediate digital learning environments are applicable to secondary education. The authors argue that effective ICT integration is not merely about technology deployment but about fostering a learning culture that is adaptive, collaborative, and supported by policy. They highlight that institutional commitment — manifested through professional development, administrative flexibility, and continuous feedback loops — is essential for sustaining ICT initiatives. The book's emphasis on institutional ecology, including leadership, teacher support systems, and digital infrastructure, complements the present study's holistic approach to assessing preparedness.

Singh, A. K. (2022). *ICT in Education: A Handbook for School Leaders and Administrators*. PHI Learning.

Singh's recent contribution is highly practical and tailored for Indian school administrators. It provides tools, strategies, and case examples on how institutions can plan, implement, and evaluate ICT programs effectively. Key areas discussed include budgeting for ICT, managing ICT labs, supporting teachers, and creating ICT-integrated school development plans. The book includes real-life case studies from Indian secondary schools, many of which resonate with the challenges observed in Bhopal. Singh underscores the need for top-down support from school leaders and the importance of monitoring mechanisms for improving ICT use in classrooms. His work directly informs the indicators and variables used in the present research instrument.

Synthesis and Gaps Identified: Together, these five books reinforce the notion that ICT integration must be understood within a broader institutional context. Infrastructure alone is insufficient; it must be accompanied by strategic leadership, professional development, technical support, and long-term vision. While global perspectives (Selwyn, Kozma, Anderson&Dron) provide theoretical robustness, Indian perspectives (Shukla& Chatterjee, Singh) ground these discussions in the socio-educational realities of developing regions. However, a gap exists in micro-level studies that explore how these frameworks are operationalized within specific districts, particularly in tier-2 or tier-3 cities like Bhopal.

The present study attempts to address this gap by empirically assessing institutional preparedness in secondary schools in Bhopal District. It applies the conceptual insights from these books to real-world educational settings, aiming to generate evidence-based recommendations for enhancing ICT implementation at the local level.

Methodology: The research adopted a mixed-method approach involving both quantitative and qualitative data collection. A survey was conducted across 25 secondary schools in Bhopal district, including government, private, and aided institutions. Structured questionnaires were administered to principals, ICT coordinators, and selected faculty members. Additionally, observational checklists and interviews were used to verify infrastructural claims and gather in-depth insights. The data were analyzed using descriptive statistics and thematic analysis to derive patterns and institutional variations.

Results and Discussion

1. **Infrastructure Availability:** Out of the 25 surveyed schools, only 40% had fully functional computer laboratories with internet access. While most schools had received ICT equipment under central or state schemes, their usability was compromised due to poor maintenance or outdated software. Interactive whiteboards and projectors were available in 28% of the schools but were seldom used due to lack of training or technical support.
2. **Policy and Planning:** Only 32% of the institutions reported having an internal ICT policy or guideline for teachers and staff. In most schools, ICT implementation was ad hoc and driven by individual enthusiasm rather than strategic planning. Schools affiliated with central boards (CBSE) showed better alignment with ICT-based pedagogical goals due to curriculum-driven mandates.
3. **Technical and Human Resource Support:** A key barrier identified was the absence of dedicated ICT support staff. Teachers often lacked the time or skills to handle technical issues, leading to underutilization of available resources. Only 24% of schools conducted regular training or orientation programs on ICT tools.
4. **Administrative Commitment:** School leadership played a crucial role in the success of ICT initiatives. Institutions where principals actively supported technology integration showed higher teacher engagement and student participation in digital activities. However, leadership involvement was limited in most government schools due to administrative overload and policy constraints.

Challenges Identified:

1. **Inconsistent Funding**: Budgetary limitations and delays in fund disbursal impacted infrastructure maintenance and expansion.
2. **Lack of Monitoring and Evaluation**: Schools did not have proper mechanisms to evaluate the effectiveness of ICT usage.
3. **Resistance to Change**: Some teachers resisted ICT adoption due to fear of technology or lack of confidence.
4. **Digital Divide**: Disparities among schools in urban and rural areas reflected unequal access to technology.

Implications for Policy and Practice: The findings underline the need for a policy shift from hardware provisioning to capacity building and monitoring. Institutional preparedness must be nurtured through long-term strategies involving the following:

- **Structured ICT Policies**: Schools must develop ICT

usage policies tailored to their context.

- **Capacity Building**: Periodic and hands-on training for teachers is essential to promote confidence and creativity in ICT use.
- **Technical Support Systems**: Appointment of ICT coordinators or technical assistants at the school level is critical.
- **Monitoring and Feedback Loops**: Evaluation mechanisms should be instituted to assess the actual use and outcomes of ICT tools.

Recommendations:

1. **Create a Centralized ICT Planning Framework** for schools to align their efforts with national and state goals.
2. **Provide Financial Autonomy** to schools for minor ICT repairs and upgrades.
3. **Establish a Helpdesk System** to offer remote technical support for teachers.
4. **Develop Peer Learning Communities** among schools to share ICT best practices.
5. **Ensure Inclusive Access** by equipping marginalized schools with additional support in hardware and teacher training.

Conclusion: Institutional preparedness is foundational to the successful integration of ICT in secondary education. While policies exist at the macro level, their implementation often falters at the grassroots due to infrastructural, administrative, and attitudinal challenges. The study of Bhopal district reveals that although many schools have taken initial steps, the lack of a sustained and well-supported institutional framework limits the potential of ICT in enhancing educational outcomes. A paradigm shift from infrastructure-centric models to capacity-centric and policy-aligned models is essential for transformative change.

References:-

1. Anderson, T., &Dron, J. (2017). *Teaching Crowds: Learning and Social Media*. AU Press.
2. Kozma, R. B. (2018). *Transforming Education: The Power of ICT Policies*. UNESCO Publishing.
3. Selwyn, N. (2021). *Education and Technology: Key Issues and Debates* (2nd ed.). Bloomsbury Publishing.
4. Shukla, S., & Chatterjee, M. (2020). *Digital Learning in Indian Schools: Challenges and Opportunities*. Sage Publications India.
5. Singh, A. K. (2022). *ICT in Education: A Handbook for School Leaders and Administrators*. PHI Learning.
6. Mishra, P., & Koehler, M. J. (2006). Technological pedagogical content knowledge: A framework for teacher knowledge. *Teachers College Record, 108*(6), 1017–1054.
7. NCERT. (2020). *ICT in School Education: National Survey Report*. National Council of Educational Research and Training.
8. UNESCO. (2019). *ICT Competency Framework for Teachers (Version 3)*. UNESCO Publishing.
9. Pelgrum, W. J. (2001). Obstacles to the integration of ICT in education: Results from a worldwide educational assessment. *Computers & Education, 37*(2), 163–178.
10. Ministry of Education, Government of India. (2022). *Guidelines for ICT@Schools Scheme*. Department of School Education & Literacy.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

राजस्थान पुलिस: तब और अब – एक तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. रतन लाल सुथार*

* सहायक आचार्य (लोक प्रशासन) विद्या भवन रूरल इंस्टिट्यूट, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – एक राज्य के निर्माण में चार तत्व- यथा जनसंख्या, निश्चित भू-भाग, सरकार व संप्रभुता का योगदान होता है। उस राज्य को एक विकसित राज्य का स्वरूप देने के लिए वहां एक सुव्यवस्थित एवं संगठित प्रशासकीय व्यवस्था का होना अति आवश्यक है। इस प्रशासकीय व्यवस्था में पुलिस प्रशासन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किसी भी समाज में पुलिस की उपस्थिति सामाजिक व्यवस्था की प्रधानता और उसे बनाए रखने के लिए आवश्यक है। विकासशील समाज की अपेक्षा विकसित समाज में नागरिक पुलिस को अधिक सशक्त एवं उत्तरदायी बनाया गया है। भारत जैसे विकासशील राष्ट्र में जहाँ राजनीतिक स्थिरता और विकास प्रशासन हेतु विधि सम्मत व्यवस्था की आवश्यकता है, वहाँ पुलिस प्रशासन भी अत्यधिक प्रभावी भूमिका में होना चाहिए।

यह शोध पत्र राजस्थान पुलिस के ऐतिहासिक विकास, उसकी वर्तमान स्थिति, पुलिस के समक्ष विभिन्न चुनौतियों और भविष्य की दिशा का विश्लेषण करता है। राजस्थान पुलिस का इतिहास राजस्थान राज्य के गठन से पहले विभिन्न रियासतों की पुलिस व्यवस्था में निहित है। यह शोध पत्र आजादी से पूर्व रियासती पुलिस व्यवस्था से लेकर एक एकीकृत और आधुनिक पुलिस बल बनने तक की यात्रा के गहन अध्ययन पर आधारित है। राजस्थान पुलिस की स्थापना, संगठन, पुलिस की कार्यप्रणाली और सामाजिक भूमिका में आये परिवर्तनों को रेखांकित करते हुए वर्तमान में उसके सामने खड़ी प्रमुख चुनौतियों जैसे- अपराध की बढ़ती प्रवृत्ति, तकनीकी पिछड़ापन, सामुदायिक समन्वय की कमी और आंतरिक संगठनात्मक मुद्दों को भी यह शोध पत्र उजागर करता है। सारांशत: इस शोध पत्र द्वारा राजस्थान पुलिस द्वारा किए गए सुधारों, नवाचारों और पहलों पर प्रकाश डालना है तथा एक कुशल, जवाबदेह और जन-केंद्रित पुलिस बल के निर्माण के लिए आवश्यक सुझाव देना है।

शब्द कुंजी – पुलिस, प्रशासकीय व्यवस्था, रियासतकाल, एकीकरण, आधुनिकीकरण, अपराध-नियंत्रण, सामुदायिक पुलिस।

प्रस्तावना – पुलिस समाज की कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली प्रमुख संस्था है। राजस्थान पुलिस, भारत की सबसे बड़े भौगोलिक क्षेत्र में कार्यरत पुलिस बलों में से एक है। अतीत में इसका मुख्य कार्य कानून व्यवस्था बनाए रखना और शाही आदेशों को लागू करना था। आज इसकी भूमिका में आतंकवाद विरोधी कार्रवाई, साइबर अपराध नियंत्रण, महिला एवं बाल सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और सामुदायिक पुलिसिंग जैसे अनेक आयाम जुड़ गए हैं।

राजस्थान पुलिस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

रियासतकालीन पुलिस- स्वतंत्रता से पूर्व भारत में कुल 563 देशी रियासतें थी तथा राजस्थान में 19 देशी रियासतें एवं तीन ठिकाने (कुशलगढ़, नीमराणा एवं लावा) थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात तत्कालीन राज्यों रियासतों के विलय के पश्चात शासन की विभिन्न प्रशासनिक इकाईयों का स्वरूप उभरकर सामने आया। राजस्थान का गठन एवं एकीकरण 1948 से 19 नवम्बर 1956 के बीच चरणबद्ध तरीके से हुआ, जिसमें सभी रियासतों का विलय कर एक एकीकृत राज्य बनाया गया। वर्तमान राजस्थान राज्य के गठन से पूर्व सभी रियासतों की अपनी-अपनी प्रशासनिक इकाईयां थी। रियासतकालीन इन सुरक्षा बलों को मिलाकर पुलिस का गठन किया गया। रियासत काल में पुलिस कार्य अक्सर सेना द्वारा दिया जाता था। अपराधों की जाँच पारंपरिक तरीकों से होती थी। राजा या दीवान की निगरानी में थाने और चौकियाँ संचालित होती थीं।

एकीकरण के पश्चात् राजस्थान पुलिस के पहले मुखिया महानिरीक्षक पुलिस, आर. बनर्जी बनाए गए। प्रतिनियुक्ति पर आए बनर्जी ने 7 अप्रैल, 1949 को अपना कार्य सम्भाला। बनर्जी ने सात महीने तक उस पद पर अपनी सेवाएँ दीं, जिसमें उन्होंने अधिकांश समय रियासतकालीन पुलिस बलों को एकीकृत करने एवं राजस्थान पुलिस के लिए समान पुलिस संहिता का निर्माण करने में लगाया। सन् 1951 में राजस्थान पुलिस सेवा की शुरूआत की गई। इसके साथ ही राजस्थान पुलिस की शुरूआत हुई।

ब्रिटिश प्रभाव – कुछ रियासतों में ब्रिटिश प्रशासन का प्रभाव पड़ने से कानून व्यवस्था में कुछ आधुनिक तत्व आए। पुलिस प्रशिक्षण, वर्दी, पदानुक्रम और रिकॉर्ड रखने की व्यवस्था में सुधार हुए।

एकीकरण और प्रारंभिक स्वरूप (1951-1970)

1. राजस्थान राज्य का गठन-30 मार्च 1949 को राजस्थान का गठन हुआ और 1951 में पुलिस का एकीकरण हुआ।
2. पुलिस मुख्यालय का गठन हुआ और डीजीपी (Director General of Police) पद स्थापित किया गया।
3. अपराध जाँच, कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को औपचारिक विभागों में विभाजित किया गया।
4. 1960 के दशक में रेडियो संचार और परिवहन साधनों में सुधार शुरू

हुए।

आधुनिकीकरण और विस्तार (1970–2000) :

1. क्राइम ब्रांच, CID, ATS (Anti-Terrorism Squad) जैसी विशेष इकाइयों का गठन।
2. अपराध रिकॉर्ड के लिए कम्प्यूटर आधारित डेटा एंट्री की शुरुआत।
3. प्रशिक्षण के लिए राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर की स्थापना।
4. महिला पुलिस बल की भर्ती और विशेष महिला थानों का संचालन।
5. वाहनों, वायरलेस और हथियारों में सुधार।

वर्तमान स्वरूप (अब)

तकनीकी आधुनिकीकरण:

1. राजस्थान पुलिस ऑनलाइन– FIR, शिकायत और ट्रैकिंग सिस्टम ऑनलाइन उपलब्ध।
2. CCTNS (Crime and Criminal Tracking Network & Systems) का उपयोग।
3. साइबर क्राइम यूनिट की स्थापना।
4. ड्रोन, CCTV, GPS ट्रैकिंग और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं का प्रयोग।

सामुदायिक पहल :

1. 'हैलो पुलिस' हेल्पलाइन।
2. महिला हेल्पलाइन (1090)
3. आपातकालीन सेवा (112)
4. पारिवारिक परामर्श केंद्र।
5. नगर एवं ग्राम रक्षा समिति
6. बाल मित्र पुलिस।

इनके आलावा विभिन्न जिलो में स्कूल–कॉलेज में साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा पर जनजागरूकता कार्यक्रम, हेल्पलाइन, चालित पुलिस व्यवस्था, जीवन रक्षक एम्बुलेंस सेवा, नशा मुक्ति शिविर, चाइल्ड लाइन तथा अपराध पीड़ित व्यक्तियों को राहत की विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही है।

प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण – पुलिस बल में नई भर्ती एवं सेवारत पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता, कार्य क्षमता, नवीन तकनीक के प्रशिक्षण हेतु विभिन्न प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किये तथा पूर्ववर्ती प्रशिक्षण केन्द्रों की प्रशिक्षण क्षमता में वृद्धि भी की गयी है।

एक वक्त था जब पुलिस के पास अत्याधुनिक वाहन, हथियार एवं अन्य संचार उपकरण नहीं थे लेकिन गत वर्षो में राजस्थान पुलिस का स्वरूप बहुत विशाल हो गया है। अब पुलिस के पास आधुनिक वाहन, हथियार, संचार उपकरण एवं अन्य आवश्यक साजो सामान उपलब्ध है। राजस्थान पुलिस की गिनती अब देश के अग्रणी पुलिस बेड़ों में की जाती है राजस्थान पुलिस ने साइबर क्राइम पुलिस एक्ट बनाने, आयुक्त प्रणाली लागू करने, भूमाफियाओं से निपटने, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने हेतु सीएलजी योजना सहित अनेक नवाचार एवं कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वर्तमान पुलिस के पास आधुनिक हथियार प्रशिक्षण, साइबर क्राइम, मानवाधिकार और संकट प्रबंधन के विशेष कोर्स भी उपलब्ध।

तुलनात्मक विश्लेषण : तब और अब

राजस्थान पुलिस का तुलनात्मक विश्लेषण :– तब और अब

तुलना का आधार	तब (रियासती/ प्रारंभिक काल)	अब (आधुनिक काल)
संगठन	रियासतों के अनुसार अलग–अलग	एकीकृत राज्य पुलिस
तकनीक	पारंपरिक जाँच, मैनुअल रिकॉर्ड	डिजिटल रिकॉर्ड, CCTNS,CCTV
महिला भागीदारी	लगभग नगण्य	महिला थाने, 10% आरक्षण
संचार माध्यम	संदेश वाहक या डाक	वायरलेस, मोबाइल, इंटरनेट
भूमिका	कानून व्यवस्था और शाही सुरक्षा	अपराध नियंत्रण, आतंकवादी रोधी, ट्रैफिक, साइबर सुरक्षा
जन सहभागिता	लगभग नगण्य	सामुदायिक संपर्क समूह (CLG)

वर्तमान चुनौतियाँ :

1. साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि।
2. नक्सल/आतंकी गतिविधियों की संभावना।
3. पुलिस बल पर कार्यभार का अधिक दबाव।
4. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अलग–अलग सुरक्षा चुनौतियाँ।

निष्कर्ष – सेवार्थ कटिबद्धता के ध्येय को लेकर शुरू हुई राजस्थान पुलिस ने एक लंबा सफर तय किया है एवं वह 'अपराधियों में भय एवं आम जन में विश्वास' के ध्येय को लेकर प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के सम्मान एवं जान–माल की रक्षा के लिए निरंतर सेवारत है। एक समृद्ध एवं खुशहाल राजस्थान बनाने में राजस्थान पुलिस का अप्रतिम योगदान है। राजस्थान पुलिस ने समय के साथ खुद को आधुनिक, तकनीकी और जनता–केन्द्रित संस्था में परिवर्तित किया है। फिर भी अपराध के बदलते स्वरूप, तकनीकी जटिलताओं और जनसंख्या वृद्धि के साथ पुलिस को निरंतर सुधार और प्रशिक्षण की आवश्यकता है। 'तब और अब' की तुलना यह दर्शाती है कि राजस्थान पुलिस ने केवल अपने उपकरण और तकनीक ही नहीं, बल्कि अपने दृष्टिकोण को भी बदला है, जिससे यह जनता की अपेक्षाओं पर अधिक खरी उतर रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. राजस्थान पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट (http://police.rajasthan.gov.in)
2. राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर।
3. 'राजस्थान पुलिस का इतिहास' – डॉ. बी.एल. शर्मा।
4. भारत सरकार, गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट।
5. 'भारतीय पुलिस का इतिहास' – शैलेन्द्र चतुर्वेदी।
6. 'पुलिस संगठन और प्रशासन' – शरद चन्द्र मिश्रा।
7. 'भारतीय पुलिस : सन्दर्भ एवं परिप्रेक्ष्य' – शंकर सरोलिया।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

डॉ. भीमराव अम्बेडकर का महिला मुक्ति विमर्श

नरेन्द्र सिंह पंवार*

* शोधार्थी, मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – अम्बेडकर आजादी के संघर्ष के दौरान सत्ता हस्तांतरण का सवाल, स्वाधीन भारत का स्वरूप और उसमें जनता की नियति, आमजन की वास्तविक सामाजिक और आर्थिक मुक्ति जैसे सवालों पर शीर्ष नेतृत्व के साथ हुए संवाद, बहस और विवाद में यह स्पष्ट हो चुका था कि महज राजनैतिक आजादी से इस देश की जनता को विशेष रूप से महिलाओं को सामंती उत्पीड़न से मुक्ति नहीं दिलाई जा सकती है। डॉ. अम्बेडकर ने भारत में स्त्रियों की पराधीनता और जाति आधारित पितृसत्तात्मक जकड़न की कठोरता के इतिहास को एक साथ जोड़कर देखा। ब्राह्मणवादी वर्चस्व की शक्तियों द्वारा वर्णव्यवस्था को मजबूत और दीर्घजीवी बनाने की प्रकिया में स्त्रियों को उनके नैसर्गिक अधिकारों से वंचित करके उन्हें दास की श्रेणी में ला दिया गया। स्त्री के अधिकारों और स्वच्छंदता पर प्रतिबंध लगाये बिना जाति व्यवस्था को कड़ाई से लागू कर पाना संभव नहीं था क्योंकि वर्ण-व्यवस्था का निर्धारण सजातीय विवाह से होता है और सजातीय तथा बहिर्गोत्रीय विवाह संस्था को अमल में लाये बिना वर्ण नामक श्रेणी को बंद जाति में तब्दील नहीं किया जा सकता।

सजातीय विवाह व्यवस्था को कड़ाई से लागू करने की प्रक्रिया को डॉ. अम्बेडकर 'वर्ण' से 'जाति' में परिवर्तन कहते हैं। शूद्रों और स्त्रियों की स्थिति में सर्वाधिक सुधार बौद्ध धर्म के व्यापक प्रसार के साथ आया। भारत में बौद्ध दर्शन व धर्म के उदय को डॉ. अम्बेडकर क्रांति के रूप में स्वीकार करते हैं। बौद्ध धर्म ने सनातन धर्म के प्रत्येक अमानवीय आधार स्तम्भ पर गहरी चोट की, जिसका प्रभाव समाज पर पड़ना अवश्यंभावी था। यहां यह ध्यान रखना जरूरी है कि बौद्ध धर्म के उदय से पहले हिन्दू धर्म में ब्राह्मण वर्चस्व के बढ़ते चले जाने के कारण शूद्रों और स्त्रियों की दशा खराब होनी प्रारंभ हो गई थी। बौद्ध धर्म ने एक तरह से इस प्रक्रिया पर रोक लगा दी और हिन्दू धर्म की विभेदकारी सामाजिक नीति के स्थान पर एक समावेशी समाज व्यवस्था की नींव डाली। बौद्ध काल मे शूद्रों-स्त्रियों की स्थिति के बारे में डॉ. अम्बेडकर लिखते हैं कि 'वैदिक काल की अवनति के दिनों में शूद्रों और स्त्रियों का स्थान बहुत नीचे हो गया था'।

